रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 246] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 6, 2008/वैशाख 16, 1930
No. 246] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 6, 2008/VAISAKHA 16, 1930

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 मई, 2008

सा.का.नि. 340(अ).—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक अधिनियम, 2006 (2006 का 19) की धारा 61 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(1) इन विनियमों का नाम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (कंपनी को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने और उनका विस्तार करने के लिए प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं

(1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक अधिनियम, 2006 अभिप्रेत है ;

(ख) "नियत दिन" से 1 अक्तूबर, 2007 तारीख अभिप्रेत है जब सरकार ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की स्थापना अधिसूचित की;

(ग) "बोर्ड" से अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के अधीन स्थापित पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, अभिप्रेत है;

(घ) "प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के विकास" से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाना, निर्मित करना, प्रचालित करना अथवा उसका विस्तार करना अभिप्रेत है ;

(ङ) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की "मितव्ययी अवधि" निम्नलिखित से प्रारंभ होकर 25 साल की होगी;

(i) यदि कोई कंपनी नियत दिन को अथवा उसके बाद प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्मित करने अथवा उसका विस्तार करने का प्रस्ताव करती है तो बोर्ड द्वारा कंपनी को प्राधिकार देने की तारीख;

(ii) यदि किसी कंपनी ने नियत दिन से पहले प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्मित करने अथवा उसका विस्तार करने का कार्य शुरू किया है और कंपनी के पास केन्द्रीय सरकार का कोई प्राधिकार है अथवा इन विनियमों के अधीन बोर्ड का कोई प्राधिकार है तो प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्मित करने अथवा उसका विस्तार करने संबंधी भौतिक क्रियाकलापों की शुरूआत करने की तारीख;

परन्तु 25 वर्ष की उपर्युक्त अवधि की समाप्ति पर बोर्ड द्वारा इन विनियमों के अधीन सेवा उत्तरदायित्व के संतोषप्रद अनुपालन पर निर्भर करते हुए और ऐसी शर्तों और निबंधनों, जो तत्समय उपयुक्त समझे जाएं, किफायती अवधि एकबार में दस वर्षों के ब्लाक के लिए बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है।

(च) "प्राकृतिक गैस पाइपलाइन" से प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए स्पर लाइनों सहित कोई पाइपलाइन अभिप्रेत है और इसमें सभी संबंधित उपस्कर और सुविधाएं जैसे कि कंप्रैसर, भंडारण सुविधाएँ, मीटरिंग यूनिटें आदि शामिल हैं लेकिन निम्नलिखित शामिल नहीं हैं -

(i) एक विशिष्ट उपभोक्ता के लिए उसकी जरूरत को पूरा करने हेतु प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए न कि पुन: बिक्री के लिए बिछाई गई समर्पित पाइपलाइन;

(ii) नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में पाइप लाइनें जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (कंपनी को नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने अथवा उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 द्वारा विनियमित की जाती हैं।

(छ) "प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ" प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए प्राकृतिक गैस के परिवहन हेतु प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (रूपए/एमएमबीटीयू) रूपए में टैरिफ की यूनिट दर अभिप्रेत है (सांविधिक करों और उपकरो को छोडकर):

(ज) "टैरिफ जोन" से अभिप्रेत है –

(i) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के मार्ग के साथ-साथ 300 किलोमीटर की लंबाई का जोन: और

(ii) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की कुल लंबाई की 10 प्रतिशत तक की चौडाई के साथ प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के साथ-साथ एक कारीडोर से अभिप्रेत है जिसमें स्पर लाइनों की लंबाई अथवा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के दोनों ओर प्राक्रतिक गैस पाइपलाइन की सतह पर निकटतम बिंदु से मापी गई 50 किलोमीटर, जो भी कम हो शामिल नहीं है;

परन्तु यह कि प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ, जोन के भीतर अवस्थित सभी उपभोक्ताओं के लिए एक समान होगा।

परन्तु यह भी कि कंपनी जोन में स्थित किसी भी उपभोक्ता को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हेतु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से नई स्पर लाइन बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करनें अथवा उसका विस्तार करने की तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता की शर्त पर करेगी।

स्पष्टीकरण -

(क) पहले जोन की लंबाई प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्राकृतिक गैस के इंजेक्शन के पहले बिंदु से शुरू होगी और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के साथ-साथ 300 किलोमीटर की दूरी तक बढाई जाएगी;

(ख) पहले जोन के पश्चात प्रत्येक जोन की लंबाई 300 किलोमीटर के बराबर होगी; और

(ग) अंतिम जोन की लंबाई प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में शेष लंबाई के बराबर होगी:

परन्तु यह कि शुरूआती बिंदु से पहले और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के साथ अंतिम बिंदु के बाद पाइपलाइन लंबाई की 10 प्रतिशत दूरी, स्पर लाइनों अथवा 50 किलोमीटर छोड़कर, जो भी कम हो, प्रथम टैरिफ जोन और अंतिम टैरिफ जोन के भीतर आएगी।

(2) इन विनियमों में जिन शब्दों और अभिव्यक्तियों का इस्तेमाल किया गया है और जिनकी परिभाषा नहीं दी गई है परन्तु जिन्हें अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों अथवा विनियमों में परिभाषित किया गया है उनका अभिप्राय अधिनियम में अथवा नियमों में अथवा विनियमों में, जैसा भी मामला हो, लिये गये अर्थ से है।

3. लागू होना

ये विनियम उस कंपनी पर लागू होंगे

(क) जो प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछा रहा है, निर्मित कर रहा है, प्रचालित कर रहा है अथवा उसका विस्तार कर रहा है अथवा जो प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने अथवा उसका विस्तार करने का प्रस्ताव करता है: अथवा

(ख) जो एक विशिष्ट उपभोक्ता को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए समर्पित पाइपलाइन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने का प्रस्ताव करता है अथवा जिसे बोर्ड द्वारा निदेश दिया जाता है।

4. अभिरूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से अथवा बोर्ड द्वारा अपनी ओर से प्रस्ताव की शुरूआत

(1) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने अथवा उसका विस्तार करने का इच्छुक कोई कंपनी पैट्रालियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (फीस और अन्य प्रभार लगाना) विनियम, 2007 के अधीन विनिर्दिष्ट आवेदन शुल्क के साथ अनुसूची 'क' में दिए गए आवेदन फार्म में बोर्ड को अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करेगा।

(2) बोर्ड किसी मार्ग के साथ प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने अथवा उसका विस्तार करने के लिए किसी कंपनी के चयन की प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तियों/फर्मों को आमंत्रित करते हुए अपनी ओर से प्रस्ताव कर सकता है।

5. अभिरूचि की अभिव्यक्ति माध्यम के लिए कंपनी के चयन का मानदंड

(1) यदि अभिरूचि की अभिव्यक्ति में अनुसूची 'क' में वर्णित मानदंड और अपेक्षाओं को पूरा किया जाता है तो बोर्ड अभिरूचि की अभिव्यक्ति और 30 दिन की जन परामर्श अवधि की शुरूआत प्रकाशित करते हुए कम से कम एक राष्ट्रीय और एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में एक खुला विज्ञापन देगा।

(2) जन परामर्श प्रक्रिया अवधि के दौरान कोई अन्य कंपनी जो उप-विनियम (1) में दिए अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने अथवा उसका विस्तार करने में रूचि दिखा सकती है, बोर्ड को अभिरूचि की अभिव्यक्ति पर अपने विचार, यदि कोई हों, लिखित में प्रस्तुत कर सकती है।

(3) बोर्ड विभिन्न व्यक्तियों/फर्मों द्वारा क्षमता दर्ज करने के लिए संभव संविदाओं में मदद के लिए प्राप्त हुए सभी मतों को उन व्यक्तियों/फर्मों के साथ वैवहोस्ट करेगा ताकि विनियम 7 में बताए अनुसार बोली की प्रक्रिया के जरिए एक इष्टतम आकार की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को तैयार करने में मदद मिल सके।

(4) बोर्ड प्राप्त हुए विचारों के आधार पर जन परामर्श अवधि के अंतिम दिन के बाद 45 दिनों की अवधि के भीतर निम्निलखित के संबंध में निर्णय करेगा –

(क) प्राकृतिक गैस की अनुपलब्धता के आधार पर अभिरूचि की अभिव्यक्ति को अस्वीकार करना;

(ख) यदि यह इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्मित करने अथवा उसका विस्तार करने के बावजूद अनुमानित संभावित मांग मौजूदा पाइपलाइन के विस्तार के जरिए लागत प्रभावी तरीके से बेहतर ढंग से पूरी की जा सकती है, तो प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए अनुमति न देना; अथवा

(ग) आशोधनों के साथ अथवा उनके बिना प्रस्ताव को आगे बढाना;

परन्तु यदि अपेक्षित हो, तो बोर्ड उन व्यक्तियों/फर्मों के साथ खुला विचार-विमर्श भी कर सकता है जिन्होंने निर्णय पर पहुंचने के लिए अपने विचार व्यक्त किए हैं;

परन्तु यह भी कि कोई ऐसा निर्णय लेने में, निम्नलिखित एक या अधिक उद्देश्यों से दिशा निर्देशित होगा, अर्थात:-

(i) व्यक्तियों/फर्मों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना;

(ii) निष्फल निवेश से बचाना

(iii) समान वितरण करने के लिए आपूर्तियों को बनाए रखना अथवा उन्हें बढाना अथवा देशभर में प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना।

(iv) उचित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ पर प्राकृतिक गैस की उपलब्धता के संदर्भ में उपभोक्ता के हितों की रक्षा करना।

(v) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन अवसंरचना के द्रुत विकास को प्रेरित करना।

(5) बोर्ड उप-विनियम (4) में विनिर्दष्ट अवधि के भीतर, कम से कम एक राष्ट्रीय और एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में (बेबहोस्टिंग सहित) एक खुले विज्ञापन के जरिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के विकास हेतु प्रस्ताव प्रकाशित कर सकता है और उसके लिए बोलियां आमंत्रित कर सकता है।

(6) बोर्ड केवल उन व्यक्तियों/फर्मों के संबंध में विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त बोलियों की संविक्षा करेगा जो निम्नलिखित न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरे करती हों, अर्थात:-

(क) जिस कंपनी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (फीस और अन्य प्रभार लगाना) विनियम, 2007 के विनियम 3 के अधीन यथानिर्दिष्ट ट्रंक लाइनों के लिए यथानिर्दिष्ट आवेदन-सह-बोली के साथ-साथ आवेदन फीस का भुगतान किया हो।

बशर्ते कि बोली प्रस्तुत करने वाली फर्म, जिसने अभिरूचि की अभिव्यक्ति के प्रस्तुतीकरण के समय आवेदन फीस का पहले ही भुगतान कर दिया

हो, इस स्तर पर आवेदन फीस का भुगतान नहीं करेगी।

(ख) कंपनी निम्नलिखित अर्हक मानदंड के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने और निर्मित करने में तकनीकी तौर पर सक्षम है, अर्थात:-

(i) कंपनी ने विगत में अपने आप संचयी आधार पर या तो तीन सौ किलोमीटर से अनधिक लंबाई की हाईड्रोकार्बन पाइपलाइन अथवा नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाया और निर्मित किया हो।

(ii) कंपनी का उस अन्य व्यक्ति/फर्म (उस कंपनी के साथ कम से कम ग्यारह प्रतिशत इक्विटी धारिता) के साथ संयुक्त उद्यम हो जिसने विगत में अपने आप संचयी आधार पर या तो तीन सौ किलोमीटर से अनधिक लंबाई की हाईड्रोकार्बन पाइपलाइन अथवा नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाया और निर्मित किया हो।

(iii) कंपनी एक मुश्त टर्नकी अथवा एक अथवा एकाधिक तकनीकी तौर पर सक्षम उन फर्मों के जरिए परियोजना प्रबंधन परामर्श पर प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने और निर्मित करने का इरादा रखती हो, जिन्होंने विगत में या तो तीन सौ किलोमीटर से अनधिक लंबाई की हाईड्रोकार्बन पाइपलाइन अथवा नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाया और निर्मित किया हो और कंपनी उनकी क्षमता के उपर्युक्त प्रमाणों के साथ ऐसी फर्मों की एक सूची भी संलग्न करेगी।

परन्तु यह कि कंपनी को परियोजना के निष्पादन के समय शामिल फर्मों में से चयन करने की स्वतंत्रता होगी और बोर्ड सूची में शामिल फर्मों की विश्वसनीयता का प्रति-सत्यापन करने और स्पष्टीकरण मांगने का अधिकार रखता हो।

(iv) कंपनी के पास पर्याप्त संख्या में तकनीकी तौर पर अर्हताप्राप्त कार्मिक हो, जिनके पास निर्माण, हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों की संस्थापना-पूर्व और संस्थापना का अनुभव हो और स्टैंडअलोन आधार पर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना को स्वतंत्र रूप से चलाने और निष्पादति करने की एक विश्वसनीय योजना भी

हो।

स्पष्टीकरण:- कंपनी के पास इसकी स्थायी सूची में कम से कम तकनीकी तौर पर तीन अर्हता प्राप्त कार्मिक होंगे जिनके पास निम्नलिखित क्षेत्रों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो, अर्थात:-

(क) मार्ग अधिग्रहण अथवा अनुमति प्राप्ति;

(ख) हाईड्रोकार्बन पाइपलाइन परियोजना का डिजाइन और निष्पादन;

(ग) हाइड्रो परीक्षण और पुनः प्रचालन सहित पूर्व-संस्थापना; और

(घ) हाईड्रोकार्बन पाइपलाइन और अधिष्ठापनों की सुरक्षा;

(ग) कंपनी निम्नलिखित अर्हक मानदंडों के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन और अनुरक्षण में तकनीकी तौर पर सक्षम है; अर्थात:-

(i) कंपनी के पास संचयी आधार पर तीन सौ किलोमीटर से अनधिक लंबाई की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन अथवा नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के प्रचालन और अनुरक्षण में कम से कम एक वर्ष का अनुभव है।

(ii) कंपनी का उस अन्य व्यक्ति/फर्म (उस कंपनी के साथ कम से कम ग्यारह प्रतिशत इक्विटी धारिता वाली) के साथ संयुक्त उद्यम हो जिसके पास प्राकृतिक गैस पाइपलाइन अथवा नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के प्रचालन और अनुरक्षण में कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो;

(iii) कंपनी ऐसे अन्य पक्ष के साथ कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए एक उपयुक्त ठोस तकनीकी सहायता करार के माध्यम से प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन और अनुरक्षण का इरादा रखती हो जिसके पास प्राकृतिक गैस पाइपलाइन अथवा नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के प्रचालन और

अनुरक्षण में कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो; अथवा

(iv) कंपनी के पास प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की संस्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण में अनुभव रखने वाले तकनीकी तौर पर अर्हताप्राप्त कार्मिक पर्याप्त संख्या में हों और स्टैंडअलोन आधार पर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन और अनुरक्षण कार्यक्रमों को स्वतंत्र रूप से चलाने की विश्वसनीय योजना भी हो।

स्पष्टीकरण:-

1. उपखंड (iii) के संबंध में -

(क) कंपनी अपनी आवेदन-सह-बोली में उन प्रस्तावित फर्मों की एक पूरी सूची उनके संगत और विश्वसनीय अनुभव के प्रमाण के साथ प्रस्तुत करेगी जिनके साथ यह एक तकनीकी सहायता करार करना चाहती है और कंपनी प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन और अनुरक्षण के लिए इस सूची में निहित फर्मों में एक या अधिक फर्म का चयन कर सकती है और बोर्ड इस सूची में शामिल फर्म अथवा फर्मों की विश्वसनीयता को प्रति-सत्यापित करने और कोई स्पष्टीकरण मांगने का अधिकार रखता है।;

(ख) कंपनी प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए एक आंतरिक प्रचालन एवं अनुरक्षण दल तैयार करने हेतु बोली के साथ-साथ एक विश्वसनीय योजना भी प्रस्तुत करेगी।

2. उपखंड (iv) के संबंध में, कंपनी के पास इसकी स्थायी सूची में तकनीकी तौर पर कम से कम तीन अर्हता प्राप्त कार्मिक होंगे जिनके पास निम्नलिखित क्षेत्रों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो, अर्थात:-

(क) हाईड्रोकार्बन पाइपलाइन की संस्थापना;

(ख) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और गैस कंप्रैसरों सहित

प्राकृतिक गैस अधिष्ठानों का प्रचालन और अनुरक्षण;

(ग) व्यवसायिक मामले जैसे गैस कीमत निर्धारण, गैस मापन, लेखा, बिलिंग और संग्रहण; और

(घ) प्राकृतिक गैस अवसंरचना की सुरक्षा;

(घ) कंपनी सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विनिर्देशनों संबंधी संगत विनियमों के अनुपालन हेतु सहमत हुई है;

(ड) कंपनी के पास प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के निष्पादन और उसके प्रचालन एवं अनुरक्षण के लिए पर्याप्त वित्तीय व्यवस्था है और यह एकल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की बोली के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित वित्तीय मानदंडों को पूरा करेगी:-

स्पर लाइनों सहित अनुमानित पाइपलाइन लंबाई की सीमा (किलोमीटर में)- (=)	एकल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में निवेश के लिए उपलब्ध अपने संवर्धक के साथ कंपनी की न्यूनतम सम्मिलित नियल संपत्ति *।
1,751/ और ऊपर	7.50
1,001-1,750	7.00
251-1,000	6.00
250 तक	5.00

* सम्मिलित निवल संपत्ति (इक्विटी शेयर पूंजी+फ्री रिजर्व, लेकिन रिवेल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर) पर्याप्त रूप में नगद निधि के रूप में हो, जो कंपनी की अद्यतन वित्तीय स्थिति पर आधारित सनदी लेखाकार द्वारा यथाप्रमाणित परियोजना में ब्रिज फाइनांस और संवर्धक के इक्विटी अंशदान के रूप में उपलब्ध होगी। इस बात का उल्लेख करते हुए कि परियोजना में संवर्धक का वित्तीय अंशदान प्राधिकार देने की तारीख से तीन महीनों के भीतर इक्विटी शेयर पूंजी में बदल जाएगा, कंफर्ट पत्र के साथ संलग्न होनी चाहिए जिसके समर्थन में विधियत एक लेटर आफ कंफर्ट हो (अनुमानित पाइपलाइन लंबाई के प्रति किलोमीटर मिलियन रूपए में)

= दो दशमलव स्थान में लंबाई के एकभाग और 0.50 किलोमीटर के बराबर और उससे अधिक को अगले एक किलोमीटर में पूर्णांक बना दिया जाएगा।

(च) कंपनी एक सफल बोलीदाता के रूप में घोषित होने पर यदि कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन एक पंजीकृत कंपनी नहीं है तो वह अपने आप को कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन एक पंजीकृत कंपनी में परिवर्तित कर लगी।

(छ) कंपनी की प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में क्षमता के उपयोग की एक विश्वसनीय योजना होगी।

(ज) कंपनी उप-विनियम (7) के अधीन नीचे दी गई लागू श्रेणी के अनुसार आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करने के साथ प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की लंबाई के अनुसार निर्धारित राशि का एक बोली बंधपत्र प्रस्तुत करेगी।

पाइपलाइन लंबाई स्पर लाइन सहित (किलोमीटर में) (#)	बोली बंधपत्र की राशि (मिलियन रूपए में)
2,501 के बराबर और उससे अधिक	250
1,751 और 2,500 के बीच	200
1,001 और 1,750 के बीच	150
251 और 1,000 के बीच	80
250 के बराबर और उससे कम	20

(#) - दो दशमलव स्थान में लंबाई के एकभाग और 0.50 किलोमीटर के बराबर और उससे अधिक को अगले एक किलोमीटर में पूर्णांक बना दिया जाएगा।

(झ) बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी पर खंड 28 के अधीन कोई शास्ति नहीं लगी होनी चाहिए और अधिनियम के अध्याय IX के अधीन दंडित नहीं होनी चाहिए।

(ञ) कंपनी का निम्नलिखित आधारों पर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में अतिरिक्त क्षमता निर्मित करने हेतु सहमति हो, अर्थात:-

(i) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की क्षमता निम्नलिखित का योग होगी, अर्थात:-

(क) कंपनी की क्षमता अपेक्षाएं;

(ख) दूसरी फर्मों/व्यक्तियों के साथ पक्की संविदाकृत क्षमता

(ग) क और ख की राशि का कम से कम तैंतीस प्रतशित अतिरिक्त क्षमता के रूप में हो।

स्पष्टीकरण:-

(i) क्षमता, प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की क्षमता निर्धारित करने के लिए संगत विनियमों में विनिर्दिष्ट आधारों के अनुसार बोर्ड द्वारा अनुमोदित होगी।

(ii) उपखंड (i) की मद (ग) पर उल्लिखित क्षमता खुली और गैर-विभेदकारी आधार पर किसी तीसरे पक्ष द्वारा एक साझे वाहन के रूप में इस्तेमाल के लिए उपलब्ध रहेगी;

(ट) यदि बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी खंड (क) से (ञ) के अधीन किसी मानदंड की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करती तो उसके द्वारा प्रस्तुत बोली सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दी जाएगी और इस संबंध में एक संसूचना उसे भेज दी जाएगी और उस कंपनी के लिए वित्तीय बोली नहीं खोली जाएगी;

(ठ) बोली बंधपत्र का/की

(i) यदि बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी बोली से हट जाती है तो नगदीकरण किया जाएगा;

(ii) बोली प्रस्तुत करने वाली असफल कंपनी के संबंध में निर्मुक्त की जाएगी;

(iii) सफल बोलीदाता द्वारा प्राधिकर के समय निष्पादन बंधपत्र प्रस्तुत करने तक रोक दिया जाएगा।

(7) आवेदन-सह-बोली अनुसूची 'ख' में यथानिर्दिष्ट रूप में अलग-अलग विधिवत चिह्नित और सीलबंद लिफाफों में - दो भागों में प्रस्तुत की जाएगी, अर्थात:-

(क) भाग - I (तकनीकी बोली) उपविनियम (6) के अधीन आवेदक के सामान्य विवरण और परियोजना के तकनीकी विवरण (न्यूनतम पात्रता मानदंडों सहित)।

(ख) भाग-II (वित्तीय बोली) विनियम (10) के अधीन विवरण।

(8) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकार देने हेतु आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करने के लिए साठ दिनों की समयावधि दी जाएगी और अधिसूचित तिथि के बाद प्राप्त हुई किसी आवेदन-सह-बोली पर विचार नहीं किया जाएगा।

(9) बोर्ड एक ऐसी स्थिति में, जब मूल विज्ञापन के प्रत्युत्तर में केवल एक ही आवेदन-सह-बोली प्राप्त होती है, सहित उपविनियम (5) के अधीन यथानिर्दिष्ट तरीके से एक विज्ञापन के जरिए बोलियां प्रस्तुत करने की तिथि से एक महीने की अवधि तक बढा सकता है।

6. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने हेतु बोर्ड द्वारा पहल :

बोर्ड किसी विशिष्ट स्थान, क्षेत्र, अथवा मार्ग में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के विकास के बारे में अपने आप एक राय बना सकता है और ऐसे मामलों में, विनियम 5 में यथाप्रनिर्दिष्ट प्रक्रिया (अभिरूचि की अभिव्यक्ति से संबंधित पहलुओं को छोडकर जो, बोर्ड द्वारा तैयार किए गए परियोजना विवरण द्वारा प्रतिस्थापित होंगे) लागू होगी।

7. **बोली का मानदंड**

(1) बोर्ड नीचे दिए गए बोली मानदंड के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरा करने वाली सभी वित्तीय बोलियों को सारणीबद्ध करेगा और उनकी तुलना करेगा, अर्थात:-

(क) परियोजना की किफायती अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्रथम टैरिफ जोन हेतु इस खंड के अधीन यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली के वर्तमान मूल्य की निम्नतमता (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली परियोजना की किफायती अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए होगी)।

इसे चालीस प्रतिशत का अधिमान मिलेगा:

परन्तु यदि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की लंबाई तीन सौ किलोमीटर से अधिक नहीं है तो इस मानदंड में सत्तर प्रतिशत का अधिमान मिलेगा।

(ख) इस खंड के अधीन प्रतिशत वृद्धि बोली की निम्नतमता जिसे जब खंड (क) के अधीन परियोजना की किफायती अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली से गुणा किया जाता है तो प्रत्येक के लिए प्रथम टैरिफ जोन की तुलना में द्वितीय टैरिफ जोन के लिए वृद्धिपरक यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण होगा। (एक नंबर की ही बोली लगानी है।)

इस मानदंड को बीस प्रतशित का अधिमान मिलेगा।

परन्तु, यह कि इस मानदंड के लिए:

(i) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की लंबाई तीन सौ किलोमीटर से अधिक न होने के मामले में कोई अधिमान नहीं;

(ii) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की लंबाई तीन सौ किलोमीटर से अधिक होने परन्तु छह सौ मिलोमीटर से अधिक न होने की स्थिति में तीस प्रतिशत का अधिमान;

(ग) इस खंड के अधीन प्रतिशत वृद्धि बोली की निम्नतमता जिसे जब परियोजना की किफायती अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए खंड (क) के अधीन

और खंड (ख) के अधीन प्रतिशत बोली के लिए यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली से गुणा किया जाता है तो प्रत्येक वर्ष के लिए द्वितीय टैरिफ जोन की तुलना में तृतीय टैरिफ जोन के लिए वृद्धिपरक यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण होगा :

परन्तु यह कि प्रत्येक उत्तरोत्तर टैरिफ जोन के लिए परियोजना की किफायती अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ में वर्धनात्मक वृद्धि प्रत्येक वर्ष के लिए तत्काल पूर्व जोन हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ में वर्धमान वृद्धि से खंड (ग) के अधीन प्रतिशत वृद्धि बोली गुणा करके निर्धारित की जाएगी (एक सौ प्रतिशत से कम एक नंबर की ही बोली लगानी है)।

इस मानदंड को दस प्रतिशत का अधिमान मिलेगा;

परन्तु यह भी कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की लंबाई छह सौ किलोमीटर से अधिक न होने की स्थिति में इस मानदंड को कोई अधिमान नहीं मिलेगा;

स्पष्टीकरण:-

किसी कंपनी द्वारा खंड (क), (ख) और (ग) के अधीन उद्धृत बोलियों के आधार पर विभिन्न टैरिफ जोनों के लिए यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ की गणना हेतु एक उदाहरण अनुसूची 'ग' में दिया गया है।

(घ) परियोजना की किफायती अवधि में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में ले जाई जाने वाली प्रस्तावित प्राकृतिक गैस मात्रा (प्रतिदिन मिलियन मानक क्यूबिक मीटरों में) के वर्तमान मूल्य की उच्चता। (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन के लिए प्राकृतिक गैस मात्रा बोली परियोजना की किफायती अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए होगी)।

इसे तीस प्रतिशत का अधिमान मिलगा।

(2) उपविनियम (1) की धारा (क) और (घ) और मानदंड में वर्तमान मूल्य की कंपनी द्वारा बारह प्रतशित के बराबर छूट दर का इस्तेमाल करते हुए गणना की जाएगी।

(3) कंपनी द्वारा उपविनियम के खंड (क) से (ग) के अधीन प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ के लिए बोलियां और उपविनियम (1) के खंड (घ) के अधीन

मात्रा कंपनी द्वारा परियोजना के अपने अनुमोदित डीएफआर में लगाए गए पूर्वानुमानों के अनुरूप होगी।

(4) उपविनियम (1) के खंड (क) और (घ) के अधीन मानदंड और जैसाकि अनुसूची 'ग' में दिया गया है, उच्चतम कम्पोजिट स्कोर पाने वाली कंपनी बोली में सफल घोषित की जाएगी।

8. निष्पादन बंधपत्र

(1) चयनित कंपनी को प्राधिकार उसके द्वारा अनुमोदित बोली में अनुमानित परियोजना लागत के 2% के बराबर की राशि का निष्पादन बंधपत्र प्रस्तुत करने के बाद दिया जाएगा।

स्पष्टीकरण:-

यदि विनियम 10 के अनुसार वित्तीय समाप्ति पूरी होने पर अनुमानित परियोजना लागत में परिवर्तन हो जाता है तो उपर्युक्त आधारों को लागू करके निष्पादन बंधपत्र की राशि संशोधित की जाएगी।

(2) निष्पदान बंधपत्र उपविनियम (3) में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की समय पर संस्थापना की गारंटी और परियोजना के प्रचालन चरण के दौरान चयनित कंपनी द्वारा सेवा उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए भी विहित किया गया है।

(3) कंपनी को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की संस्थापना के लिए प्राधिकार देने की तारीख से छत्तीस महीने की अधिकतम अवधि दी जाएगी।

9. प्राधिकार देना

(1) चयनित कंपनी को बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से तीस दिन की अवधि के भीतर अनुसूची (घ) में दिए प्रारूप के अनुसार प्राधिकार दिया जाएगा।

(2) प्राधिकार की प्रदानगी विनियम 10 के अनुसार कंपनी द्वारा दृढ़ प्राकृतिक गैस करार कर लेने और वित्तीय समाप्ति की शर्त पर होगा।

(3) कंपनी को प्राधिकार की प्रदानगी, इसे जारी करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति अथवा फर्म को विक्रय, सुपुर्दगी अथवा समर्पण के जरिए परित्यक्त नहीं की जाएगी।

(4) तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने के पश्चात अन्य कंपनी के पक्ष में प्राधिकार परित्यक्त करने की इच्छुक कंपनी कम से कम तीस दिन पहले बोर्ड को प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी और बोर्ड द्वारा मांगी गई समस्त सूचना उपलब्ध कराएगी।

(5) बोर्ड इस बात से अपने आप को संतुष्ट करने के बाद कि इस प्रस्ताव से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने की मौजूदा और प्रस्तावित गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडेगा, या तो पूरे प्रस्ताव को अथवा ऐसे आशोधनों के साथ, जो उचित समझे जाएं प्रस्ताव को स्वीकार करेगा और ऐसे मामले में जहां कंपनी को बोर्ड द्वारा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्मित करने, प्रचालित करने अथवा उसका विस्तार करने की अनुमति दी गई है, ऐसे कंपनी को सेवा उत्तरदायित्वों के अनुपालन सहित प्राधिकार की मौजूदा अथवा आशोधित शर्तों और निबंधनों का पालन करना होगा।

परन्तु यह कि बोर्ड को लोक हित में प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार है और ऐसे मामले में बोर्ड ऐसी अस्वीकृति के लिए लिखित में कारण बताएगा।

10. क्षमता बुकिंग, प्राकृतिक गैस करार और वित्तीय समाप्ति

(1) प्राधिकृत कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की संस्थापना के बाद प्रत्येक पहले पाँच वर्षों के लिए विनियम (7) के उप-विनियम (1) के खंड (घ) में यथानिर्दिष्ट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन मात्रा बोली के कम से कम पचास प्रतिशत के बराबर किसी कंपनी के साथ प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए करार हासिल करेगी।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दष्ट करार एक पारदर्शी तरीके से किया जाएगा और एट एन आर्म्सलेंथ के सिद्धांत पर आधारित होगा।

परन्तु यह कि उपविनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में थ्रुपुट का दस प्रतिशत तक प्राकृतिक गैस की भौतिक प्रदानगी पर बल दिए बिना दृढ़ और परस्पर सहमति प्राप्त शर्तों पर बुक किया जा सकता है।

(3) कंपनी प्राधिकार जारी होने की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर बोर्ड को उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट करार की प्रति प्रस्तुत करेगी।

(4) प्राधिकृत कंपनी प्राधिकार के एक सौ बीस दिनों की अवधि के भीतर किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था से वित्तीय समापन प्राप्त करेगी।

(5) आंतरिक तौर पर वित्तपोषित किसी परियोजना के मामले में कंपनी प्राधिकार के एक सौ बीस दिन के भीतर अपनी वित्तीय योजना के साथ-साथ परियोजना की विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (जिसे इसके बाद डी एफ आर कहा गया है) के लिए इसके निदेशक मंडल का अनुमोदन प्रस्तुत करेगी/करेगा।

परन्तु यह कि बोर्ड कंपनी को वित्तीय समापन पर कोई और विवरण अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कह सकता है।

(6) यदि कंपनी उप-विनियम (1) से (5) तक की आवश्यकताओं को पूरा करने में असफल रहती है तो कंपनी को प्रदत्त प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा और निष्पादन बंधपत्र को भुना लिया जाएगा तथा बोर्ड को पारदर्शी ढंग से पुनः प्राधिकार देने का अधिकार होगा, और कंपनी को इसके लिए बोर्ड से कोई मुआवजा प्राप्त करने या समाधान करने का कोई अधिकार, जो कोई भी हो, नहीं होगा।

11. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण और वसूली

(1) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ कंपनी द्वारा बोली के अनुसार,
अर्थात- विनियम 7 के उप-विनियम (1) के मानदंड (क) से (ग) के अंतर्गत जोनल पोस्टेलाइजड आधार पर नियत किया जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट आधार पर विभिन्न टैरिफ जोनों के लिए नियत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ कंपनी द्वारा विभिन्न टैरिफ जोनों में स्थित उपभोक्ताओं से तदनुसार वसूल किया जाएगा।

(3) लागू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ गैर-विभेदकारी आधार अर्थात् सभी उपभोक्ताओं से बिना किसी प्रीमियम अथवा छूट के एक बीजक के माध्यम से वसूल किया जाएगा।

(4) प्राधिकृत कंपनी से मौजूदा उपभोक्ताओं के साथ संविदाओं में यथानिर्दिष्ट देय दबाव में कमी किए बगैर इसकी विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (जिसे इसके बाद डीएफआर कहा गया है) के अनुसार और सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों, विनिर्देशनों के लिए संगत विनियमों के अनुसार हर समय प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्रचालन दबाव को बनाए रखने की आशा की जाती है:

परंतु यह कि प्राधिकृत कंपनी ऐसे उपभोक्ता से जिसे प्राकृतिक गैस आपूर्ति की गई परिकल्पना के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन दबाव प्रोफाइल से ज्यादा और संविदा में यथा-परिभाषित एक विशेष देय दबाव पर दी जानी अपेक्षित है, उप-विनियम के अधीन यथा-निर्दिष्ट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ में शामिल न की गई सीमा तक प्राकृतिक गैस के कंप्रेशन के लिए अतिरिक्त कंप्रेशन प्रभार अलग से वसूल कर सकती है।

12. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में क्षमता का विस्तार

(1) कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में दस प्रतिशत तक प्राधिकृत क्षमता विस्तार कर सकती है और अपने निर्णय की सूचना तत्काल बोर्ड को देगी।

परंतु यह कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ में विस्तार पश्चात कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(2) यदि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की क्षमता को बोर्ड द्वारा प्राधिकृत क्षमता से बढ़ाकर दस प्रतिशत से अधिक करने का प्रस्ताव किया जाता है, तो कंपनी बोर्ड के विचारार्थ एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी और बोर्ड प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में क्षमता के विस्तार के लिए अनुमति दे सकता है, बशर्ते कि कंपनी विस्तार से लागू पूर्व यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ के आधार पर गणना किए गए प्रस्तावित वृद्धिपरक राजस्व टैरिफ के पचास प्रतिशत की भागीदारी के द्वारा यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ और परिवहन की जाने वाली वृद्धिपरक मात्रा में कमी करने के लिए सहमत हो।

13. प्राधिकार-उपरांत कार्यकलापों की निगरानी (स्थापना-पूर्व)

(1) प्राधिकृत कंपनी तिमाही आधार पर प्राप्त अनुमोदनों, प्राप्त लक्ष्यों, किए गए व्यय, चल रहे कार्यों तथा अन्य संगत सूचना से संबंधित प्रगति रिपोर्ट का ब्यौरा अनुसूची ड. पर दिए गए प्रपत्र में भरकर उपलब्ध कराएगी।

(2) बोर्ड कंपनी से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की सुरक्षित स्थापना और प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए स्थापना चरण के दौरान तथा उसके बाद तकनीकी और सुरक्षा सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(3) बोर्ड प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के मार्ग-परिवर्तन की अनुमति दे सकता है बशर्ते कि ऐसे मार्ग-परिवर्तन से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की लंबाई में उसकी प्राधिकृत लंबाई से दस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि न हो:

आगे यह भी कि प्राधिकरण के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन शुल्क वही रहेगा।

(4) बोर्ड प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना के संबंध में विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने में कंपनी की प्रगति की निगरानी करेगा, और, कोई विचलन या कमी पाए जाने पर कंपनी को उपचारी कार्रवाई करने की सलाह देगा।

14. प्राधिकृत कंपनी के सेवा उत्तरदायित्व (संस्थापना-पश्चात)

(1) कंपनी बोली में उल्लिखित प्राकृतिक गैस की मात्रा के बराबर प्राकृतिक गैस के परिवहन के वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करेगी और बोर्ड तिमाही आधार पर इस संबंध में वास्तविक प्रगति की निगरानी करेगा।

परंतु, यह कि कंपनी द्वारा वार्षिक लक्ष्यों को पूरा न करने से चूक होगी और निम्नलिखित आधार पर निष्पादन बंधपत्र को भुनाया जाएगा, अर्थात्:-

(क) पहली चूक के लिए निष्पादन बंधपत्र की राशि का पच्चीस प्रतिशत ;

(ख) दूसरी चूक के लिए निष्पादन बंधपत्र की राशि का पचास प्रतिशत;

(ग) तीसरी चूक के लिए निष्पादन बंधपत्र की राशि का एक सौ प्रतिशत;

परंतु यह भी कि कंपनी भुनाने के एक सप्ताह बाद खंड (क) से (ग) में दिए गए प्रत्येक मामले में भुनाए गए निष्पादन बंधपत्र की पूर्ति करेगी और अपेक्षाएं पूरी न करने के मामले में प्राधिकार को समाप्त कर दिया जाएगा।

(2) प्राधिकृत कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्राकृतिक गैस के परिवहन और किसी उपभोक्ता को इसकी प्रदानगी की गतिविधियां कंपनी अथवा किसी अन्य कंपनी से प्राकृतिक गैस की व्यवस्था की शर्त पर नहीं कराएगी।

(3) प्राधिकृत कंपनी पाइपलाइन क्षमता के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु सामान्य वाहक अथवा संविदा वाहक आधार पर इस्तेमाल के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में उपलब्ध क्षमता का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी और एक्सेस कोड संबंधी संगत विनियमों में यथा-निर्दिष्ट अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर इस संबंध में सूचना रखेगी।

(4) सामान्य वाहक के रूप में इस्तेमाल के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में उपलब्ध क्षमता एक्सेस कोड संबंधी संगत विनियमों में विनिर्दिष्ट आधार पर आबंटित की जाएगी और प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों को संविदा वाहक अथवा सामान्य वाहक के रूप में घोषित किया जाएगा।

(5) प्राधिकृत कंपनी आवेदन-सह बोली के प्रस्तुतीकरण की अवस्था से लेकर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन चरण सहित आगे तक संबद्ध आचार संहिता की बाबत संगत विनियमों के अंतर्गत प्रावधानों का सख्ती से पालन करेगी।

(6) प्राधिकृत कंपनी जब कभी बोर्ड द्वारा ऐसा निर्णय लिया जाए, प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहनीकृत प्राकृतिक गैस के वितरण अथवा विपणन के कार्यकलापों से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की गतिविधि की जरूरतों का अनुपालन करेगी।

(7) प्राधिकृत कंपनी संस्थापना-पूर्व चरण के दौरान तथा सतत आधार पर विनिर्दिष्ट अंतरालों पर अथवा बोर्ड के निर्देश पर स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा कराई जाने वाली तकनीकी और सुरक्षा लेखा-परीक्षा करवाने के लिए जिम्मेदार होगी, उसके बाद सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विनिर्देशनों संबंधी संगत विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना और निष्कर्षों सहित लेखा-परीक्षा रिपोर्ट समीक्षा के लिए बोर्ड को प्रस्तुत की जाएगी और बोर्ड कंपनी को सुधारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो, की सलाह देगा।

(8) तृतीय पक्ष तकनीकी और सुरक्षा लेखा-परीक्षा, बोर्ड द्वारा अनुमोदित अथवा इसके साथ पंजीकृत स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों अथवा पैनल से बाहर की मान्यता प्राप्त एजेंसियों द्वारा की जाएगी।

15. **सेवा मानकों की गुणवत्ता**

(1) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने वाली कंपनी को अनुसूची च में विनिर्दिष्ट अनुसार सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुपालन अवश्य करना चाहिए।

(2) सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुपालन करने में कंपनी के कार्य निष्पादन का बोर्ड द्वारा समय-समय पर आकलन किया जाएगा तथा इनकी न्यूनतम नियत बैंचमार्क से तुलना की जाएगी तथा कार्य-निष्पादन का स्तर न्यूनतम नियत बैंचमार्क से कम पाए जाने पर विनियिम 16 के यथा-अंतर्गत विनिर्दिष्ट कार्रवाई की जा सकती है।

16. **चूक के परिणाम और प्राधिकार प्रक्रिया का रद्द किया जाना**

(1) प्राधिकृत कंपनी इन विनियमों में विनिर्दिष्ट सभी निबंधन और शर्तों का पालन करेगी और केवल प्रतिकूल परिस्थितियों को छोड़कर ऐसा करने में असफल रहने पर निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, अर्थात्:-

(क) बोर्ड दोषी कंपनी को विनियमों के अंतर्गत उसकी बाध्यताओं को पूरा करने के लिए उसे उपयुक्त समय देते हुए एक नोटिस जारी करेगा;

(ख) यदि कंपनी द्वारा बोर्ड को संतुष्ट करते हुए नियत अवधि में सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है तो आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी;

(ग) सुधारात्मक कार्रवाई करने में असफल रहने पर बोर्ड निम्नलिखित आधार पर कंपनी के कार्य-निष्पादन बंधपत्र को भुना सकता है, अर्थात:-

(i) पहली चूक के लिए कार्य-निष्पादन बंधपत्र की राशि का पच्चीस प्रतिशत; और

(ii) दूसरी चूक के लिए कार्य-निष्पादन बंधपत्र की राशि का पचास प्रतिशत:

परंतु यह कि कंपनी राशि के भुनाए जाने के एक सप्ताह के अंदर उप-खंड (i) और (ii) के प्रत्येक मामले में कार्य-निष्पादन बंधपत्र की पूर्ति कर देगी, ऐसा न करने पर कार्य-निष्पादन बंधपत्र की बकाया राशि को भी भुना लिया जाएगा और कंपनी का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा।

(iii) तीसरी बार चूक के लिए कार्य-निष्पादन बंधपत्र की एक सौ प्रतिशत राशि भुना ली जाएगी तथा कंपनी का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा;

(घ) किसी प्राधिकार को रद्द करने को लागू करने की प्रक्रिया अनुसूची छ में उपलब्ध कराए गए अनुसार होगी;

(ड.) बोर्ड बिना किसी पूर्वाग्रह के खंड (क) से (घ) में यथा-विनिर्दिष्ट अधिनियम के अध्याय IX के अंतर्गत अपराध और दंड के लिए नियत अनुसार कार्रवाई करने के अलावा अधिनियम की धारा 28 के अनुसार सिविल दंड भी लगा सकता है।

17. नियत दिन से पहले प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्मित करने, प्रचालन करने और उसका विस्तार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्राधिकृत कंपनी

(1) कंपनी अनुसूची झ में दिए फार्म में समर्थक दस्तावेजों के साथ संगत सूचना प्रस्तुत करेगी।

(2) कंपनी संगत विनियमों के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों, विनिर्देशों का अनुपालन करेगी।

(3) बोर्ड संस्थापना अवधि के संदर्भ में तिमाही आधार पर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, उसका निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने, परियोजना के डीएफआर में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों और प्राधिकार की शर्तों और निबंधनों में कंपनी द्वारा की गई वास्तविक प्रगति को मानिटर करेगा ताकि अधिक लगने वाले समय और लागत से बचा जा सके जिससे कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो।

परंतु यह कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की संस्थापना में अथवा प्राधिकार में विनिर्दिष्ट लक्ष्य के अलावा किसी लक्ष्य को पूरा करने में किसी विलंब की

स्थिति में बोर्ड को निम्नलिखित का अधिकार है-

(क) खंड (5) के अंतर्गत यथा-निर्दिष्ट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण करते समय अधिक लगे समय के कारण अतिरिक्त लागतों पर विचार न करना; अथवा

(ख) केंद्र सरकार को प्राधिकार रद्द करने और निष्पादन बंधपत्र अथवा बैंक गारंटी, यदि कोई हो, को भुनाने की सलाह देना।

(4) बोर्ड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण) विनियम, 2008 के अधीन यथा-निर्दिष्ट पद्धति के आधार पर कंपनी द्वारा लिए जाने वाले प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का अनुमोदन करेगा।

(5) केंद्र सरकार द्वारा सामान्य वाहक अथवा संविदा वाहक आधार के रूप में इस्तेमाल का निर्धारण किए बिना किसी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का प्राधिकार देने के मामले में बोर्ड उसमें हस्तक्षेप करेगा और संगत विनियमों के तहत सामान्य वाहक और संविदा वाहक के रूप में उसे घोषित करेगा।

(6) कंपनी के कार्यकलाप अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लागू ऐसे अन्य विनियमों के अध्यधीन होंगे।

18. नियत दिन से पूर्व प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अप्राधिकृत व्यक्ति/फर्म

(1) नियत दिन से पूर्व किसी भी समय प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने वाली कंपनी, जिसे केंद्र सरकार द्वारा विधिवत प्राधिकृत न किया गया हो, अनुसूची - झ में दिए गए फार्म में प्राधिकार प्राप्त करने के लिए तत्काल आवेदन कर सकती है।

(2) बोर्ड प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदनपत्रों पर विचार करते समय निम्नलिखित मानदंडों पर विचार करेगा, अर्थात्:-

(क) कंपनी नियत तिथि से पहले विनियम 5 के उप-विनियम (6) के खंड (क) से (ड.) तथा (झ) में यथानियत न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूरा करती है तथा उसके पास

केन्द्र तथा राज्य सरकारों और अन्य सांविधिक प्राधिकरणों की सभी आवश्यक सांवधिक अनुमतियां, अनुज्ञाएं तथा अनापत्ति प्रमाणपत्र हैं।

(ख) वह कंपनी जो प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत नहीं है, वह कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत कंपनी बनेगी:

बशर्ते कि बोर्ड उसे, उन शर्तों पर जिन्हें वह उपयुक्त समझे, कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत होने से छूट दे सकता है;

(ग) परियोजना का वित्तपोषण करने वाले वित्तीय संस्थान द्वारा मूल्य निरुपित कंपनी के डीएफआर की तुलना में नियत दिन से तत्काल पहले तक हुई वास्तविक प्रगति तथा उसके फलस्वरूप वित्तीय वचनबद्धता का संतोषजनक निर्धारण। यदि परियोजना का वित्तपोषण किसी वित्तीय संस्थान द्वारा नहीं किया गया है तो बोर्ड डीएफआर का मूल्य निरुपण कर संकता है। कंपनी के डीएफआर में प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की विनिर्दिष्ट लंबाई, मार्ग तथा क्षमता को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए;

(घ) खंड (ग) में संदर्भित कार्य की वास्तविक प्रगति तथा उसके फलस्वरूप वित्तीय वचनबद्धताओं के संबंध में कम से कम 25 प्रतिशत की वास्तविक प्रगति तथा नियत दिन से तत्काल पहले डीएफआर के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए नियत पूंजीगत व्यय में से कम 25 प्रतिशत पूंजीगत व्यय को पर्याप्त समझा जा सकता है;

(ङ) बोर्ड के पास वास्तविक प्रगति तथा वित्तीय वचनबद्धता को प्रमाणित करवाने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस प्रगति के आधार पर बोर्ड कंपनी को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, बनाने उसके प्रचालन अथवा विस्तार का प्राधिकार देने पर विचार कर सकता है-

(i) डीएफआर में यथा-विनिर्दिष्ट मार्ग तथा लंबाई के अनुसार,

(ii) नियत दिन तक कार्यान्वयन के अंतर्गत वास्तविक रूप से तय किए गए मार्ग अथवा लंबाई के अनुसार; अथवा

(iii) बोर्ड द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट मार्ग अथवा लंबाई;

(च) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, बनाने, उसके प्रचालन अथवा विस्तार के संबंध में यह कंपनी पर है कि वह सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों तथा

विनिर्देशनों के संगत विनियमों में यथा-विनिर्दिष्ट लागू तकनीकी मानकों, विनिर्देशनों तथा सुरक्षा मानकों को पूरा करने की अपनी योग्यता की पर्याप्त के बारे में बोर्ड को संतुष्ट करें;

(छ) वित्तीय संस्थान द्वारा यथा-मूल्य निरुपित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना को विकसित करने में वित्तीय वचनबद्धताओं को समय से तथा पर्याप्त रूप से पूरा करने में कंपनी की वित्तीय स्थिति का निर्धारण तथा कंपनी के लेखों की परीक्षित बहियों की जांच;

(ज) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में क्षमता की बुकिंग कंपनी की अपनी क्षमता अपेक्षाओं तथा सुदृढ़ संविदात्मक क्षमता के कुल जोड़ के कम से कम 50 प्रतिशत के बराबर होनी चाहिए तथा इससे संबंधित करार पारदर्शी तरीके से किए जाने चाहिएं तथा दूरी पर रखने के सिद्धांत पर आधारित होने चाहिए;

(झ) कंपनी बोर्ड को धारा (ज) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट फर्मड-अप संविदात्मक क्षमता के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन द्वारा प्राकृतिक गैस के तथा उसकी पूर्ति के करारों की प्रतियां प्रस्तुत करेगी; तथा

(ञ) आवेदन की जांच के आधार पर बोर्ड द्वारा यथा-संगत समझा गया कोई अन्य मानदंड।

(3) उप विनियम (2) के खंड (क) से (ञ) के अनुसार आवेदन का मूल्यांकन मानदंड की मिश्रित प्रकृति तथा अंतर-संबद्धता को ध्यान में रखते हुए समग्रता में किया जाएगा।

(4) बोर्ड, उप-विनियम (3) के अधीन मानदंड की शर्तों पर आवेदन पत्र की जांच करने के पश्चात और अन्य विनियमों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भी प्रथमदृष्ट्या यह मत बन सकता है कि क्या मामले पर प्राधिकार हेतु विचार किया जाना चाहिए।

(5) प्रथम दृष्ट्या विचार की स्थिति में, बोर्ड (वेबहोस्टिंग सहित) एक राष्ट्रीय और एक स्थानिक समाचार पत्र में एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगा जिसमें परियोजना का संक्षिप्त ब्यौरा दिया जाएगा और प्रस्ताव पर किसी भी व्यक्ति से तीस दिन के भीतर टिप्पणियां और आपत्तियां, यदि कोई हों, प्राप्त करेगा।

(6) बोर्ड, उप-विनियम (5) के अंतर्गत टिप्पणियों और आपत्तियों, यदि कोई हों, पर विचार करने के बाद प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए प्राधिकार देने संबंधी मामले पर या तो विचार करेगा अथवा उसे अस्वीकार कर देगा।

(7) यदि प्राधिकार देने के बारे में निर्णय ले लिया जाता है तो यह अनुसूची घ पर दिए अनुसार होगा।

(8) आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाने के मामले में बोर्ड, संबंधित पक्ष को अपना पक्ष स्पष्ट करने का उचित अवसर देने के पश्चात एक मौखिक आदेश पारित करेगा और परियोजना के लिए विनियम 6 की शर्तों के अनुसार उपयुक्त कंपनी के चयन के लिए कार्यवाही करेगा।

(9) यदि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, बनाने प्रचालित करने अथवा उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकार देने हेतु कंपनी का चयन किया जाता है, तो-

(क) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ (प्रशुल्क) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ निर्धारण) विनियम, 2008 के अंतर्गत नियत किया जाएगा;

(ख) व्यक्ति/फर्म, सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विनिर्दिष्टियों हेतु संगत विनियमों के अंतर्गत यथा-निर्दिष्ट सुरक्षा मानक सहित तकनीकी मानकों, विनिर्दिष्टियों का पालन करेगी;

(ग) लगने वाले अधिक समय एवं लागत, जिससे प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, से बचने के लिए बोर्ड, कंपनी द्वारा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, बनाने अथवा उसके विस्तार करने के कार्यकलापों में की गई वास्तविक प्रगति शुरू करने की अवधि, परियोजना के डीएफआर में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों की प्राधिकार के निबंधन एवं शर्तों के संदर्भ में तिमाही आधार पर निगरानी करेगा:

परंतु यह कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन प्रारंभ होने में अथवा प्राधिकार में विनिर्दिष्ट समय से आगे लक्ष्य पूरा करने में विलंब की स्थिति में बोर्ड के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ नियत करते समय ज्यादा समय लगने के कारण बढ़ी हुई अतिरिक्त लागतों पर विचार नहीं करेगा जैसा कि उप-विनियम (क) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट है;

(घ) कंपनी, पहुंच कोड और प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों की घोषणा सामान्य वाहक अथवा संविदा वाहक के रूप में करने के संबंध में संगत विनियमों के अंतर्गत उपबंधों का पालन करेगी;

(ड.) विनियम 8, 9, 13, 14, 15 और 16 के अंतर्गत उपबंध कंपनी के लिए लागू होंगे।

19. प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए समर्पित पाइपलाइनों से संबंधित उपबंध।

(1) नियत दिन से पूर्व विद्यमान समर्पित पाइपलाइनों के संबंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे, अर्थात्:-

(क) नियत दिन से पूर्व विशिष्ट उपभोक्ता से प्राकृतिक गैस के परिवहन करने के लिए समर्पित पाइपलाइन रखने वाली व्यक्ति/फर्म, परियोजना के डीएफआर के साथ-साथ, पाइपलाइन की लंबाई, मार्ग, क्षमता और सेवित उपभोक्ताओं ग्राहकों का ब्यौरा इन नियमों की अधिसूचना के तीस दिन के अंदर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

(ख) बोर्ड, समर्पित पाइपलाइन का ब्यौरा वेबसाइट पर रख सकती है जिस पर आम जनता की टिप्पणियां प्राप्त की गई हों, जिससे कि यह पता लगाया जा सके कि क्या ऐसी पाइपलाइन को लोकहित में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदले जाने की आवश्यकता है।

(ग) बोर्ड प्राप्त टिप्पणियों की छानबीन के आधार पर समग्र लोकहित में उस कंपनी को इस प्रकार की पाइपलाइन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने का निदेश दे सकता है:

परंतु यह कि उस कंपनी को अपना पक्ष रखने के लिए अवसर दिया जा जाएगा;

(घ) कंपनी अपनी समर्पित पाइपलाइन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने के लिए अपना प्रस्ताव पूर्ण विवरण और औचित्य सहित बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है तथा बोर्ड सामान्य जनता के मत जानने के लिए समर्पित पाइपलाइन के ब्यौरों को वेब पर डाल सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी पाइपलाइन को लोकहित में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने की जरूरत है तथा बोर्ड प्राप्त टिप्पणियों की छानबीन के आधार पर और समग्र लोकहित में कंपनी को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवर्तन हेतु प्राधिकरण की स्वीकृति जारी कर सकता है।

(2) नियत दिवस के बाद किसी भी समर्पित पाइपलाइन को बिछाने, बनाने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने के प्रस्ताव के संबंध में, निम्नलिखित प्रायधान लागू होंगे, अर्थात्:-

(क) नियत दिवस के बाद किसी विशिष्ट ग्राहक को प्राकृतिक गैस पहुंचाने के लिए एक समर्पित पाइपलाइन को बिछाने, बनाने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने के प्रस्ताव करने वाली कंपनी उस समर्पित पाइपलाइन को बिछाने और बनाने के प्रस्तावित प्रारंभ से कम से कम 30 दिन पहले परियोजना के डीएफआर के साथ पाइपलाइन की लंबाई, मार्ग, क्षमता तथा उन उपभोक्ताओं, जिन्हें ये सेवा दी गई, के ब्यौरे बोर्ड को देगा;

(ख) बोर्ड प्रस्तावित समर्पित पाइपलाइन के ब्यौरे सामान्य जनता की टिप्पणियों के लिए वेब पर डालेगा ताकि ये जाना जा सके कि क्या एक समर्पित पाइपलाइन के स्थान पर एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के बिछाने, बनाने, प्रचालित करने या उसका विस्तार करने में अधिक लोकहित होगा;

(ग) यदि, प्राप्त टिप्पणियों की छानबीन के आधार पर, बोर्ड यह दृष्टिकोण बनाता है कि समर्पित पाइपलाइन के स्थान पर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से लोकहित में वृद्धि होगी तो वह कंपनी से सूचना प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर कंपनी को समुचित रूप से निर्देश देगा;

(घ) यदि, खंड (ग) के अंतर्गत बोर्ड से निर्देश प्राप्त करने के बावजूद कंपनी एक समर्पित पाइपलाइन को बिछाने, बनाने, प्रचालित करने या उसका विस्तार करने की इच्छा व्यक्त करता है, तो वह ऐसा कर सकता है:

परंतु यह कि उस कंपनी द्वारा एक समर्पित पाइपलाइन बनाने के साथ-साथ बोर्ड अपनी ओर से, एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, बनाने, प्रचालित करने या उसका विस्तार करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति जारी करने का फैसला कर सकता है:

परंतु उस कंपनी के उसकी समर्पित पाइपलाइन प्रारंभ की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए उसकी समर्पित पाइपलाइन को एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने हेतु बोर्ड के समक्ष आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी;

(ड.) कोई कंपनी ऐसी किसी समर्पित पाइपलाइन , जिसको बिछाने, बनाने, प्रचालित करने या उसका विस्तार करने के संबंध में बोर्ड द्वारा खंड (ग) के अधीन कोई

सलाह जारी नहीं की गई है, को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने के लिए बोर्ड के समक्ष कभी भी आवेदन दे सकता है तथा बोर्ड खंड (घ) के उप-विनियम (1) के तहत प्रक्रिया के अनुसार ऐसे परिवर्तन के लिए उस कंपनी को प्राधिकृत करने का निर्णय कर सकता है तथा खंड (घ) के तहत विनिर्दिष्ट पांच वर्षों का अधिस्थगन काल प्रतिबंध ऐसे मामले में लागू नहीं होगा;

(च) बोर्ड, नियत दिवस के बाद किसी समर्पित पाइपलाइन को बिछाने, बनाने, प्रचालित करने या उसका विस्तार करने के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रियानुसार उस कंपनी को समर्पित पाइपलाइन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने के लिए निदेश दे सकता है, अर्थात्:-

(i) बोर्ड समर्पित पाइपलाइन के ब्यौरे साधारण जनता के अभिमत जानने के लिए वेब पर डाल सकता है ताकि यह जाना जा सके कि क्या लोकहित में ऐसी पाइपलाइन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने की जरूरत है;

(ii) बोर्ड, प्राप्त अभिमतों के परीक्षण के आधार पर, व्यापक जनहित में उस कंपनी को ऐसी पाइपलाइन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदलने हेतु निर्देश दे सकता है:

परंतु यह कि उस कंपनी को अपना पक्ष रखने के लिए अवसर दिया जाएगा।

(3) यदि किसी समर्पित पाइपलाइन को उप-विनियम (1) या (2), के तहत एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बदला जाता है, तो विनियम 18 के उप-विनियम (9) के अधीन उपबंध ऐसी पाइपलाइन के लिए लागू होंगे।

20. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन तक पहुंच और अंतरसंयोजन।

कंपनी पहुंच कोड (एक्सेस कोड) का पालन करेगी तथा पहुंच कोड के लिए संगत विनियमों के प्रावधानों के अनुसार किसी अन्य प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को अंतरसंयोजन की स्वीकृति देगा।

21. विविध

यदि इन विनियमों के उपबंधों में से किसी के निर्वचन के संबंध में कोई विवाद होता है, तो बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

अनुसूची क

[विनियम 4(1) और 5(6) देखें]

प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने की इच्छुक कंपनी द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का आवेदन-पत्र

क. केवल वह कंपनी, जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 विनियम 5(6) में दिए गए न्यूनतम अर्हता मानदण्डों को पूरा करती है, बोर्ड को रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आवेदन करने की पात्र होगी।

ख. कंपनियों को न्यूनतम अर्हता मानदण्डों को पूरा करने से संबंधित दस्तावेजों को प्रमाण के रूप में अवश्य संलग्न करना चाहिए।

ग. रुचि की अभिव्यक्त देने वाली कंपनियां निम्नलिखित सूचना अवश्य दें:

1	सामान्य विवरण
क.	कंपनी का नाम
ख.	फर्म का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/भागीदार कंपनी/प्रोप्राइटरशिप फर्म/अन्य (कृपया उल्लेख करें)
ग.	निगमित होने की तारीख और व्यवसाय शुरू करने की तारीख
घ.	पंजीकृत कार्यालय का पता
2.	आधारभूत आंकड़े□
क.□	प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का मूल प्वाइंट और अंतिम प्वाइंट
ख.	प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का सांकेतिक मार्ग जिससे प्राकृतिक गैस इंजेक्शन प्वाइंट और संभावित/डिलीवरी प्वाइंटस नक्शे पर दर्शाए गए हों।
ग.	प्राकृतिक गैस उपलब्धता स्थिति
घ.	राष्ट्रीय गैस पाइपलाइन के रास्ते प्राकृतिक गैस की संभावित मांग
ड.	प्रस्तावित राष्ट्रीय गैस पाइपलाइन में परिवहन के लिए कुल गैस मात्रा का आकलन
च.	अन्य कोई मुद्दा जिसे कंपनी द्वारा संगत समझा जाए
3.	डिमांड ड्राफ्ट/पे-आर्डर नं0 .....दिनांक.....<बैंक और शाखा का नाम> से बनवाकर..... के आवेदन शुल्क का भुगतान।

दिनांक:

स्थान:

कंपनी या प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

कार्यालय मोहर

अनुसूची ख

[विनियम 5(7) देखें]

प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्राधिकार के लिए आवेदन-सह-नीलामी

सेवा में,

सचिव,
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड
प्रथम तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ,
बाबर लेन, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली-110 001

विषय: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 के अंतर्गत <प्रस्तावित मार्ग का नाम शुरुआती प्वाइंट से अंतिम प्वाइंट तक> प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के प्राधिकार देने हेतु आवेदन-सह-नीलामी

(जहां आवश्यक हो सूचना प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त शीट संलग्न करें)

भाग-1	-- कंपनी का सामान्य विवरण और परियोजना का तकनीकी विवरण (विधिवत चिह्नित, मोहरबंद और एक अतिरिक्त लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए)	
1.	कंपनी का विवरण	
क.	कंपनी का नाम	
ख.	कंपनी का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/भागीदार कंपनी/प्रोप्राइटरशिप फर्म/अन्य (कृपया उल्लेख करें और संस्था के अंतर्नियम या साझेदारी विलेख आदि, जैसा लागू हो, संलग्न करें)।	
ग.	निगमन की तारीख और व्यवसाय शुरू करने की तारीख	
घ.	पंजीकृत कार्यालय का पता	
ड.	सभी निदेशकों/भागीदारों/प्रोप्राइटरों के नाम, पते, दूरभाष संख्या, ई-मेल पते (कृपया एसटीडी कोड और पिन कोड सहित पूरा विवरण दें)।	
2.	वित्तीय विवरण	
क.	शेयर पूंजी या प्रोप्राइटर की स्वयं की निधियां, जैसा लागू हो ।	

ख.	लिए गए ऋण की - राशि, अवधि, अधिस्थगन अवधि, ब्याज की दर और इस ऋण को प्राप्त करने के लिए बंधक या मालबंधन रखी गई परिसम्पत्ति, यदि कोई हो।	
ग.	रिजर्व, यदि कोई हो	
घ.	स्थाई परिसम्पत्ति	
ड.	वर्तमान परिसम्पत्ति	
च.	वर्तमान देयताएं	
छ.	बिक्री कारोबार	
ज.	कर-पश्चात लाभ	
	(पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए लेखा परीक्षित लाभ-हानि खाते और तुलन-पत्र की प्रतियां संलग्न करें) - यदि कंपनी एक सहायक कंपनी है तो पिछले तीन वित्तीय वर्षों के मूल कंपनी के लेखा परीक्षित लाभ-हानि खाते और तुलन-पत्र की प्रतियां संलग्न करें।	
3.	कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियां	
क	कंपनी के सभी मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों विवरण, यदि कोई हो, इसमें डिजाइन विशिष्टताएं, संस्थापित क्षमता, पूंजी लागत, प्रचालन लागत का वार्षिक विवरण, स्थापना की तारीख, ग्राहक रूपरेखा के विवरण सहित गैस की मात्रा का परिवहन, मौजूदा सुविधाओं का ब्यौरा दर्शाने वाले मानचित्र और ड्राइंगें जिसमें मौजूदा सुविधाओं और भावी योजना का विवरण दिखाया गया हो, प्राकृतिक गैस स्रोत, वसूल किया जा रहा यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन शुल्क, आदि शामिल हैं।	
ख	मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए प्राकृतिक गैस के परिवहन हेतु किसी कंपनी के साथ किए गए समझौते या सहयोग का विवरण।	
ग	पिछले पांच वर्षों से प्रवर्तकों द्वारा किए जा रहे अन्य व्यवसाय, यदि कोई हो, का विवरण।	
4.	स्वामित्व और सम्बद्धता का विवरण	

IndiaCode

क	प्रवर्तकों का विवरण	
ख	कंपनी की सभी सम्बद्ध संस्थाओं का विवरण, जिसमें कंपनी और सम्बद्ध संस्थाओं के बीच व्यावसायिक संबंध को बताया गया हो। ('सम्बद्ध' से अभिप्रेत संबद्ध आचरण संहिता के लिए संगत विनियमों में दी गई परिभाषा से है)।	
ग	कंपनी बोर्ड द्वारा मांगे जाने पर अपने और अपनी कंपनियों के सभी संबंधित प्रलेखों या दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का वचन देती है।	हां/नहीं
घ	क्या कंपनी, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है?	हां/नहीं
ड.	क्या कंपनी, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत किसी कंपनी द्वारा प्रोमोट की गई है?	हां/नहीं
च.	यदि संस्था आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करते समय कंपनी नहीं है तो प्राधिकार के लिए उसका चयन होने पर वह कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक कंपनी निर्माण की घोषणा करती है।	हां/नहीं
छ.	प्रोमोटरों की लेटर ऑफ कम्फर्ट के रूप में घोषणा पत्र, जिसमें यह घोषणा की गई हो कि प्राधिकार मिलने की तारीख से तीन महीने के अंदर परियोजना को दिए गए उनके वित्तीय योगदान को इक्विटी शेयर पूंजी में बदल दिया जाएगा। प्रोमोटरों के लैटर आफ कम्फर्ट संलग्न करें।	हां/नहीं
5.	प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का तकनीकी विवरण	
क.	प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का नाम	
ख.	प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का मार्ग दर्शाने वाले विस्तृत नक्शे जिनमें निम्नलिखित ब्यौरा हो: (क) प्रस्तावित मार्ग सहित दर्शाया गया शुल्क क्षेत्र (ख) प्रत्येक शुल्क क्षेत्र में पूर्ण या आंशिक रूप से आने वाला जिला, नगर, शहर, तालुक या अन्य कोई क्षेत्र	

IndiaCode

	(ग) प्रवेश और निकासी प्वाइंट (घ) स्पर लाइन (ड.) परस्पर संपर्क प्वाइंट (च) प्रस्तावित प्रमुख सुविधाओं का दर्शाया जाना, जैसे कंप्रेशर, टैप-आफ प्वाइंट, आदि	
ग.	परियोजना का तकनीकी विशेष विवरण, जिसके साथ डीएफआर और पाइपलाइन डिजाइन, दबाव, नेटवर्क की लम्बाई, पाइपलाइन का व्यास, पाइपलाइन की मोटाई, मार्ग, अपक्षय सुरक्षा व्यवस्था, प्राकृतिक गैस इंजेक्शन प्वाइंट, टोंटी निकालने के स्थान, मुख्य ब्लॉक बल्ब, मापने की व्यवस्था, एचएसई मापदण्ड आदि का पूरा ब्यौरा दिया गया हो।	
घ.	प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए अभिकल्पित विकास योजना संलग्न करें, जिसमें सीजीडी नेटवर्क की डिजाइन और संस्थापित क्षमता, निर्धारित पूंजी व्यय योजना, प्रचालनों के चरण-वार शुरू होने की संभावित निधियां और परियोजना को पूरा करने के संबंध में गतिविधियों या लक्ष्यों का विवरण दिया गया हो।	
ड.	निम्नलिखित के लिए प्रस्तावित योजना - (i) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में इंजेक्शन के लिए प्राकृतिक गैस का स्रोत (ii) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में चरण-वार क्षमता समझौता	
च	क्या प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का डिजाइन तैयार करते समय सुरक्षा मानकों सहित विशिष्टियों जैसा कि तकनीकी मानकों और विशिष्टियों संबंधी संगत विनियमों के अंतर्गत तकनीकी मानकों, और विशिष्टियों पर विचार करके डिजाइन में शामिल किया गया है? कृपया पूरा विवरण दें।	हाँ/नहीं
छ	आपदा प्रबंधन योजना की प्रतिलिपि संलग्न करें।	
ज	क्या परियोजना केन्द्र या राज्य सरकारों से किसी सांविधिक कर (आयकर सहित) से कोई राजसहायता, छूट, आस्थगन या माफी की पात्र	हाँ/नहीं

indiaCode

	हैं? यदि हां, तो कंपनी की वर्ष-वार उपयोग योजना की सूचना देते हुए पूरा विवरण दें।	
झ	विनियम 5 *(6)* के अंतर्गत अप्रतिदेय आवेदन शुल्क	/ <----------> रु0
	डिमांड ड्राफ्ट या पे-आर्डर	
	डिमांड ड्राफ्ट या पे-आर्डर की संख्या और दिनांक	
	जारीकर्ता बैंक और शाखा का नाम	
ञ	बोली बंधपत्र	< > रु0.
	डिमांड ड्राफ्ट या पे-आर्डर	
	डिमांड ड्राफ्ट या पे-आर्डर की संख्या व दिनांक	
	जारीकर्ता बैंक और शाखा का नाम	

भाग-II : वित्तीय बोली (विधिवत चिह्नित, मोहरबंद और एक अतिरिक्त लिफाफे में प्रस्तुत की जाए) उन्हीं कंपनियों के लिए खोली जाएगी जो विनियम 5 *(7)* के अंतर्गत न्यूनतम योग्यता मानदण्डों को पूरा करती हैं।

क	परियोजना की मितव्ययी अवधि (जो प्राधिकार की तारीख से 25 वर्ष के लिए होगी) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्रथम टैरिफ जोन के लिए इस मानदण्ड के अंतर्गत यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली का मौजूदा मूल्य (पीवी)। *[प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली परियोजना की प्रतिवर्ष मितव्ययी अवधि के लिए होगी]*	परियोजना की मितव्ययी अवधि 12% छूट दर का लाभ रखते हुए प्रतिवर्ष के लिए यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली का वर्तमान मूल्य '.....' रुपए प्रति एमएमबीटीयू है। वर्ष-वार प्रथम टैरिफ जोन के लिए प्रतिवर्ष प्राकृतिक गैस पाइपलाइन इकाई टैरिफ बोली:- 1 वर्ष: <.....> रु0 प्रति एमएमबीटीयू 2 वर्ष <.....> रु0 प्रति एमएमबीटीयू . . . 25 वर्ष: <.....> रु0 प्रति एमएमबीटीयू
ख	इस मानदण्ड के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली जिसे खण्ड क के अंतर्गत परियोजना की मितव्ययी अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली इकाई के साथ जब गुणा किया जाता है तो प्रत्येक वर्ष के लिए प्रथम टैरिफ जोन की तुलना में द्वितीय	<.....> % वृद्धि बोली

	टैरिफ जोन के लिए उत्तरोत्तर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का पता चलता है। [एक नम्बर की बोली लगाई जाएगी]।	
ग	इस मानदण्ड के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली जिसे खण्ड ए के अंतर्गत परियोजना की मितव्ययी अवधि को जब प्रत्येक वर्ष की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली इकाई के साथ और खण्ड बी के अंतर्गत प्रतिशत बोली के साथ गुणा किया जाता है तो प्रत्येक वर्ष के द्वितीय टैरिफ जोन की तुलना में तृतीय टैरिफ जोन की उत्तरोत्तर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बी का निर्धारण होगा। बशर्ते कि प्रत्येक उत्तरोत्तर टैरिफ जोन के लिए परियोजना की मितव्ययी अवधि की प्रतिवर्ष प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ में उत्तरोत्तर वृद्धि को इस मानदण्ड के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली को प्रतिवर्ष के तत्काल पूर्व टैरिफ जोन की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन इकाई में उत्तरोत्तर वृद्धि से गुणा करके निर्धारित किया जाएगा। *[एक सौ प्रतिशत से कम एक नम्बर की बोली लगाई जाएगी]।*	<.....> % वृद्धि बोली
घ	परियोजना की मितव्ययी अवधि की तुलना में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्राकृतिक गैस की प्रस्तावित मात्रा (मिलियन मानक घन मीटर प्रतिदिन) का वर्तमान मूल्य। *[परियोजना की मितव्ययी अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन किए जाने के लिए प्राकृतिक गैस की मात्रा बोली]।*	परियोजना की मितव्ययी अवधि की तुलना में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्राकृतिक गैस की प्रस्तावित मात्रा के वर्तमान मूल्य पर बारह प्रतिशत अर्थात् <____> मिलियन मानक घन मीटर प्रतिदिन (एमएमएससीएमडी) की छूट होगी। वर्ष-वार प्राकृतिक गैस मात्रा बोली:- 1 वर्ष: <.....> रु0 एमएमएससीएमडी 2 वर्ष <.....> रु0 एमएमएससीएमडी . . 25 वर्ष: <.....> रु0 एमएमएससीएमडी।

टिप्पणी :
कृपया विनियम 7 के उप-विनियम (3) के उद्देश्य के लिए प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना की अनुमोदित डीएफआर की एक प्रति संलग्न करें।

घोषणा

1. प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त सूचना मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है और इस आवेदन-सह-बोली के साथ संलग्न परिशिष्ट, संलग्नक और गणना शीट में दिए गए आंकड़े और सूचना सही पूर्ण और सत्य हैं और यदि इनमें दिया गया कोई भी विवरण गलत पाया जाता है तो आवेदन-सह-बोली निरस्त कर दी जाएगी, आवेदन-शुल्क और बोली बंधपत्र जब्त कर लिए जाएंगे और मैं/हम अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत कार्रवाई और दण्ड के हकदार होंगे।

2. मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा केवल एक ही आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत की गई है जो उपर्युक्त है और इस नगर अथवा स्थानीय क्षेत्र के लिए मेरे/हमारे द्वारा अलग से कोई भी दूसरा आवेदन-सह-बोली पत्र न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही प्रस्तुत किया जा रहा है।

दिनांक :
स्थान :

कंपनी/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर
कार्यालय मोहर

आवेदन-सह-बोली भरने के लिए अनुदेश

1. फार्म और संलग्न दस्तावेजों की सभी प्रविष्टियां पठनीय हों और उनमें कोई काट-छांट न की गई हो।
2. अपेक्षित विवरण अलग से संलग्न किए जा सकते हैं जिस मद के लिए इन्हें संलग्न किया गया है उसका स्पष्ट संदर्भ देना चाहिए।
3. आवेदन-सह-बोली और अनुलग्नकों व विवरणों के सभी पृष्ठों पर क्रम संख्या लिखी जानी चाहिए तथा उन पर कंपनी अथवा कंपनी द्वारा नोटेरी के माध्यम से अधिकार पत्र दिए हुए प्राधिकारी के आद्याक्षर किए जाने चाहिए।
4. आवेदन-सह-बोली में दी गई सूचना की अभिपुष्ट करने के लिए आवश्यक प्रमाण संलग्न करने चाहिए।
5. कंपनी को मूल के साथ-साथ आवेदन-सह-बोली की सभी संलग्नकों सहित अपेक्षित तीन(दो हार्डकॉपी और एक सॉफ्ट कॉपी) साक्ष्यांकित प्रतियां प्रस्तुत करनी चाहिए।
6. अपूर्ण आवेदन-सह-बोली को निरस्त कर दिया जाएगा।

अनुसूची ग

[विनियम 7(4) और विनियम 7 के उप-विनियम (1) के (क) से (ग) के अंतर्गत स्पष्टीकरण देखें]

प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का प्राधिकार देने हेतु सफल बोली को सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम संयुक्त स्कोर निर्धारित करने के आधार का उदाहरण

विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (क) से (घ) के अंतर्गत उल्लिखित बोली मानदण्डों के आधार पर सफल बोली का निर्धारण करने के लिए आइए तीन कंपनियां लेते हैं जिनकी बोलियां की तुलना की जानी है-

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (क) के अंतर्गत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्रथम टैरिफ जोन के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली

देखें,

टी1 = पहली कंपनी द्वारा 25 वर्ष के लिए प्रथम टरिफ जोन हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली का वर्तमान मूल्य

टी2 = दूसरी कंपनी द्वारा 25 वर्ष के लिए प्रथम टरिफ जोन हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बोली का वर्तमान मूल्य

टी3 = तीसरी कंपनी द्वारा 25 वर्ष के लिए प्रथम टरिफ जोन हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली का वर्तमान मूल्य

मान लीजिए टी1 टी2 से कम है और टी2 टी3 से कम है।

प्रथम टरिफ जोन (एलटी1) हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली के न्यूनतम वर्तमान मूल्य को 100% का स्कोर दिया जाएगा और प्रथम टरिफ जोन हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली के वर्तमान मूल्य को एलटी1 के संबंध में यथानुपात आधार पर निम्नानुसार अंक दिया जाएगा:-

एलटी 1 = 100%
एलटी 2 = 100% × (टी1 + टी2)
एलटी 3 = 100% × (टी1 + टी3)

ख) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ख) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली को विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (क) के अंतर्गत परियोजना की मितव्ययी अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली इकाई के साथ गुणा करने पर प्रत्येक वर्ष के प्रथम टैरिफ जोन की तुलना में द्वितीय टैरिफ जोन के लिए उत्तरोत्तर इकाई प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण होगा।

देखें,

पीएफ1= पहली कंपनी द्वारा विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ख) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली

पीएफ2= दूसरी कंपनी द्वारा विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ख) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली

पीएफ3= तीसरी कंपनी द्वारा विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ख) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली

मान लीजिए पीएफ1, पीएफ2 से अधिक है और पीएफ2, पीएफ3 से अधिक है।

न्यूनतम प्रतिशत वृद्धि बोली (पीएफ3) को 100% अंक दिए जाएंगे और अन्य प्रतिशत वृद्धि बोली को एलपीएफ3 के यथानुपात आधार पर निम्नानुसार अंक दिए जाएंगे:-

एलपीएफ1 = 100% × (पीएफ3 ÷ पीएफ1)
एलपीएफ2 = 100% × (पीएफ3 ÷ पीएफ2)
एलपीएफ3 = 100%

ग) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली को विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (क) के अंतर्गत परियोजना की मितव्ययी अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ बोली इकाई तथा विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली के साथ गुणा करने पर प्रत्येक वर्ष के तत्काल पूर्व टैरिफ जोन के लिए इकाई प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

बशर्ते कि प्रत्येक उत्तरोत्तर टैरिफ जोन के लिए परियोजना की मितव्ययी अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में उत्तरोत्तर वृद्धि का निर्धारण विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि को प्रत्येक वर्ष के तत्काल पूर्व टैरिफ जोन हेतु यूनिट प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ में उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ गुणा करके किया जाएगा।

देखें,

पीएस1= पहली कंपनी द्वारा विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली

पीएस2= दूसरी कंपनी द्वारा विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली

पीएस3= तीसरी कंपनी द्वारा विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत प्रतिशत वृद्धि बोली

मान लीजिए पीएस1, पीएस2 से अधिक है और पीएस2, पीएस3 से अधिक है।

न्यूनतम प्रतिशत वृद्धि बोली (पीएस3) को 100% अंक दिए जाएंगे और अन्य प्रतिशत वृद्धि बोली को एलपीएस3 के यथानुपात आधार पर निम्नानुसार अंक दिए जाएंगे:-

एलपीएस1 = 100% × (एलपी3 ÷ एलपी1)
एलपीएस2 = 100% × (एलपी3 ÷ एलपी2)
एलपीएस3 = 100%

(घ) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खण्ड (घ) के अंतर्गत मितव्ययी अवधि की तुलना में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्रस्तावित प्राकृतिक गैस मात्रा (एमएमएससीएमडी) के लिए बोली

देखें,

वी1 = परियोजना की मितव्ययी अवधि की तुलना में पहली कंपनी द्वारा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्रस्तावित बोली की मात्रा का वर्तमान मूल्य।

वी2 = परियोजना की मितव्ययी अवधि की तुलना में दूसरी कंपनी द्वारा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्रस्तावित बोली की मात्रा का वर्तमान मूल्य।

वी3 = परियोजना की मितव्ययी अवधि की तुलना में तीसरी कंपनी द्वारा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्रस्तावित बोली की मात्रा का वर्तमान मूल्य।

मान लीजिए वी1 वी2 से कम है ओर वी2 वी3 से कम है।

IndiaCode

परिवहन की जाने वाली प्रस्तावित मात्रा के उच्चतम वर्तमान मूल्य (एचपीवी3) को 100% अंक दिए जाएंगे और अन्य मात्रा बोली का वर्तमान मूल्य एचपीवी3 के संबंध में यथानुपात आधार पर अंक दिए जाएंगे:

एचपीवी1 = 100% × (एचपीवी1 + एचपीवी3)
एचपीवी2 = 100% × (एचपीवी2 + एचपीवी3)
एचपीवी3 = 100%

अब तीनों कंपनियों के संयुक्त स्कोर की गणना प्रत्येक बोली मानदण्ड के निर्दिष्ट भार को लेकर की जाएगी जो निम्नानुसार होगी:

कंपनी 1 + 0.40 × एलटी1 + 0.20 × एलपीएफ1 + 0.10 × एलपीएस1 + 0.30 × एचपीवी1
कंपनी 2 + 0.40 × एलटी2 + 0.20 × एलपीएफ2 + 0.10 × एलपीएस2 + 0.30 × एचपीवी2
कंपनी 3 + 0.40 × एलटी3 + 0.20 × एलपीएफ3 + 0.10 × एलपीएस3 + 0.30 × एचपीवी3

<u>टिप्पणी</u>:

इस उदाहरण के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की लंबाई छः सौ कि.मी. से अधिक है।

जिस कंपनी का संयुक्त स्कोर अधिकतम होगा, उसी को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा।

<u>विभिन्न टैरिफ जोन के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ की गणना करने के लिए उदाहरण</u>।

यह मानते हुए कि कंपनी 2 का संयुक्त स्कोर अधिकतम है और इस कंपनी का प्राधिकार के लिए चयन किया जाता है, पहले वर्ष के दौरान प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ और तत्पश्चात् टैरिफ जोन का निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा:

प्रथम टैरिफ जोन =	पहले वर्ष के लिए प्रथम टैरिफ जोन हेतु टैरिफ बोली
द्वितीय टैरिफ जोन =	पहले वर्ष के लिए प्रथम टैरिफ जोन हेतु टैरिफ बोली X [1 + पीएफ2/100]
तृतीय टैरिफ जोन =	पहले वर्ष के लिए प्रथम टैरिफ जोन हेतु टैरिफ बोली X [1 + पीएफ2/100 + (पीएफ2/100) X (पीएस2/100)]
चतुर्थ टैरिफ जोन =	पहले वर्ष के लिए प्रथम टैरिफ जोन हेतु टैरिफ बोली X [1 + पीएफ2/100 + (पीएफ2/100) X (पीएस2/100) + (पीएफ2/100) X (पीएस2/100) 2]
..... आदि	

IndiaCode

अनुसूची घ

(विनियम 9(1) और 18(7) देखें)

प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकार देना

सेवा में,
<सफल बोलीदाता कंपनी का नाम>
<पता>

विषय: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2008 के अंतर्गत <शुरुआती प्वाइंट का नाम, जिस राज्य अथवा संघ राज्य-क्षेत्र में बिछाई जानी है, उसका नाम तथा अंतिम प्वाइंट का नाम> के मार्ग सहित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने और उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकार देना।

महोदय/महोदया,

प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने और उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकार देने जिसमें शुरुआती प्वाइंट का नाम, जिस राज्य अथवा संघ राज्य-क्षेत्र में बिछाई जानी है, उसका नाम तथा अंतिम प्वाइंट का नाम शामिल हो, संबंधी आपके आवेदन के संदर्भ में आपको प्राधिकार देने का निर्णय लिया गया है बशर्ते कि निम्नलिखित शर्तों और निबंधनों के अध्यधीन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2008 के अंतर्गत प्रावधान हो, अर्थात् :-

1. प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए प्राधिकृत क्षेत्र के मार्ग के अंतर्गत दर्शाई जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के <मूल प्वाइंट का नाम>, <आंतरिक टैप ऑफ और अंतर-संपर्क प्वाइंट>, <स्पर लाइन का नाम> और <अंतिम डिलीवरी प्वाइंट> संलग्न नक्शे में दर्शाए अनुसार हो।

2. कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें बिछाने, निर्माण या उसका विस्तार करने के कार्यकलापों को पूरा करेगी और संलग्न समय अनुसूची तथा लक्ष्यों के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की स्थापना करेगी। कंपनी को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र के जारी होने की तारीख से छत्तीस महीने की अधिकतम अवधि की अनुमति दी जाती है। समय अनुसूची में निर्धारित लक्ष्यों का अनुपालन करने में असफल रहने पर कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2008 के विनियम 16 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार परिणाम भुगतना होगा।

3. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में क्षमता <_____> मिलियन मानक घन मीटर प्रतिदिन (एमएमएससीएमडी) के बराबर होगी।

4. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में अतिरिक्त क्षमता विनियम 5 के उप-विनियम (6) के खण्ड (जे) में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार <_____> एमएमएससीएमडी के बराबर होगी और मुक्त पहुंच एवं बिना किसी भेदभाव के तृतीय पक्ष द्वारा सामान्य वाहक आधार पर इस्तेमाल के लिए उपलब्ध होगी।

5. प्राधिकृत कंपनी को परियोजना के लिए धन प्राप्त करने हेतु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की परिसंपत्तियों के पुनर्ग्रहणाधिकार अथवा रेहन के लिए बोर्ड से पूर्वामोदन प्राप्त करना होगा। तथापि, किसी वित्तीय संस्था अथवा बैंक से धन लेने की स्थिति में संस्था को 7 दिनों की अवधि के भीतर निधियों की स्वीकृति के संबंध में केवल सूचित करना होगा।

6. कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रत्येक टैरिफ जोन के लिए अनुमोदित टैरिफ का प्रकाशन करेगी।

7. कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2008 के विनियम 9 के अधीन बोर्ड द्वारा जारी प्राधिकार की तारीख से 120 दिनों की अवधि के भीतर बोर्ड को एक विस्तृत और स्पष्ट वित्तीय समाप्ति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

8. <_____> मिलियन रुपए का निष्पादन बांड प्रस्तुत करना बोली में प्रस्तुत निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार समय पर परियोजना चालू करने के लिए और परियोजना के प्रचालन चरण के दौरान कार्य-निष्पादन संबंधी उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए गारंटी के रूप में होगा

9. कंपनी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 के विनियम 14 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सेवा उत्तरदायित्वों तथा विनियम 15 के अधीन सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुपालन करेगी।

10. यदि कंपनी का प्राधिकार समाप्त कर दिया जाता है तो बोर्ड उस कंपनी के अधिकारों और उत्तरदायित्वों को उन शर्तों और निबंधनों पर किसी एजेंसी अथवा दूसरी फर्म को सौंप सकता है जिसे वह उपयुक्त समझे। इसके अलावा, कंपनी को बोर्ड के निर्देशानुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रचालन तब तक आगे जारी रखने होंगे जब तक कि बोर्ड द्वारा नियुक्त दूसरी एजेंसी अथवा फर्म सीजीडी नेटवर्क का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में न ले ले।

11. कंपनी निम्नलिखित प्रावधानों का पालन करेगी -

(क) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना)

विनियम 2008।

(ख) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण) विनियम 2008.

(ग) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2008 की अनुसूची जे में विनिर्दिष्ट सेवा उत्तरदायित्व;

(घ) निम्नलिखित के लिए संगत विनियम -

(i) सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक और विशिष्टियां;

(ii) पहुंच कोड;

(iii) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए क्षमता का निर्धारण;

(iv) संबद्ध आचार-संहिता;

(v) प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों की सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में घोषणा करना।

(ड.) अन्य कोई लागू विनियम तथा अधिनियम के प्रावधान।

12. कंपनी किसी ऐसी अन्य शर्त अथवा निबंधन का पालन भी करेगी जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर लोकहित अधिसूचित की जाएगी।

आपसे अनुरोध है कि नीचे दी गई जगह में अपनी स्वीकृति की पुष्टि करें और मूल रूप से इसे वापिस भेज दें।

भवदीय,

दिनांक :

हस्ता0/-
अधिकारी का नाम और पदनाम
पीएनजीआरबी की ओर से
कार्यालय की मुहर

IndiaCode

प्राधिकार स्वीकार करना

मैं/हम एतद्द्वारा बोर्ड के संदर्भ <____> दिनांक <_____> द्वारा जारी प्राधिकार पत्र को स्वीकार करता हूं/करते हैं और उन सभी शर्तों और निबंधनों का पालन करने के लिए सहमत हूं/हैं जिसके अधीन मुझे/हमें <____> राज्य या संघ राज्य-क्षेत्र में <____> मार्ग सहित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा विस्तार करने के लिए प्राधिकार मिला है।

दिनांक :

स्थान :

कंपनी /प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम और कार्यालय की मुहर

IndiaCode

अनुसूची-ड.

(विनियम 13 (1) देखें)

प्राधिकृत कंपनी द्वारा तिमाही आधार पर डेटा प्रस्तुत करना

क. निम्नलिखित रूप में कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले अपेक्षित डेटा/सूचना का बोर्ड द्वारा निम्नलिखित के आधार पर विश्लेषण किया जाएगा:-

(1) कंपनी द्वारा परियोजना की स्थापना सहित की गई वास्तविक प्रगति तथा डीएफआर में निर्धारित भौतिक और वित्तीय लक्ष्य;

(2) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्राकृतिक गैस की वास्तविक मात्रा बनाम बोली में प्रतिबद्ध संख्या।

ख. प्रगति मॉनीटरिंग बोर्ड द्वारा तिमाही आधार पर की जाएगी और कमी तथा अंतर, यदि कोई हों की सूचना तुरंत समाधान के लिए वार्षिक आधार पर भेजी जाएगी। सूचनावधि के भीतर वार्षिक तौर पर प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में किसी विलंब के मामले में अथवा बार-बार उल्लंघन करने के मामले में कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (स्थानीय प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें बिछाने, निर्माण, प्रचालन करने अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम 2008 के विनियम 16 के अधीन विनिर्दिष्ट परिणाम भुगतने होंगे।

क	प्राधिकृत कंपनी का नाम	
ख	परियोजना का नाम	
ग	प्राधिकार देने की तारीख	
घ	प्रचालन शुरू करने की तारीख	
ड.	कंपनी के स्वामित्व के गठन का विवरण (कृपया भिन्नता का विवरण दें, यदि प्राधिकार की तारीख से कोई हुआ हो)	
च	कंपनी संबद्ध आचार संहिता के लिए संगत विनियमों का पालन करेगी। टिप्पणी : बोर्ड को ऐसी किसी सूचना अथवा डेटा मांगने का अधिकार होगा जिसे वह उपयुक्त समझे ताकि यह कंपनी द्वारा किए जाने वाले अनुपालन से संतुष्ट रहे।	

	सूचना और डेटा	तिमाही के लिए	वर्ष के लिए संचयी
छ	वित्तीय ब्यौरा (मिलियन रुपए में)		
1	पूंजीगत निवेश		
	(क) स्थायी परिसंपत्तियां		
	आद्यशेष		
	प्रत्यक्ष जमा		
	पूंजीगत कार्य-प्रगति (सीडब्ल्यूआईपी) से अंतरण		
	लोप, यदि कोई हो		
	अंतशेष		
	(ख) सीडब्ल्यूआईपी		
	आद्यशेष		
	प्रत्यक्ष जमा		
	स्थायी परिसंपत्तियों में स्थानांतरण		
	लोप, यदि कोई हो		
	अंतशेष		
2	प्रचालन खर्च		
	(क) उपभोज्य तथा रसायन		
	(ख) सुविधाएं- बिजली और ईंधन		
	(ग) वेतन		
	(घ) मरम्मत और अनुरक्षण		
	(ड.) सामान्य प्रशासन खर्च (च) बीमा		
	(च) बीमा		
	(छ) कोई अन्य खर्च (विवरण दें)		
3	वित्तीय खर्च		
	(क) कार्यपूंजी ऋणों पर ब्याज (डब्ल्यूसीबी)		
	(ख) आवधिक ऋणों पर ब्याज		
4	मूल्य ह्रास		
5	अर्जित राजस्व		
	(क) प्राकृतिक गैस का परिवहन		
	(ख) प्राकृतिक गैस का विपणन		

IndiaCode

	(ग) अन्य आय-ब्याज आदि		
6	ऋणों की स्थिति		
	(क) आवधिक ऋण		
	शुरू किए गए		
	जोड़े गए		
	अदायगी		
	समापन (क्लोजिंग)		
	(प्रत्येक ऋण का विवरण दें - ब्याज की दर, ऋण स्थगन, अवधि, ऋण अवधि, निबंधन एवं शर्तें, आदि)		
	(ख) कार्य पूंजी ऋण		
	शुरू किए गए		
	जोड़े गए		
	पुनर्भुगतान किए गए		
	समापन (क्लौजिंग)		
	(प्रत्येक ऋण का विवरण दें- ब्याज की दर, ऋण स्थगन, अवधि, शर्तें आदि)		
7	प्रभारित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ		
	(क) जोन-वार प्रभारित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ (रुपए/एमएमबीटीयू)		
	(ख) प्रत्येक टैरिफ जोन में ग्राहक-वार दी गई प्राकृतिक गैस की मात्रा (एमएमएससीएमडी और एमएमबीटीयू के बराबर दोनों में)		
	(ग) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ प्रभारित जोन-वार राशि (रुपए मिलियन में)		
ज	भौतिक विवरण		
1	(क) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परिवहन की जाने वाली प्राकृतिक गैस की मात्रा (ख) बोली में प्रतिबद्ध मात्रा और डीएफआर में उल्लिखित (ग) कारणों सहित (क) बनाम (ख) में भिन्नता (घ) प्रत्येक डिलीवरी प्वाइंट पर ग्राहक-वार सुपुर्दगी मात्रा (मात्रा एमएमएससीएमडी और एमएमबीटीयू में दी जाए तथा दर्शाई गई समकक्ष ऊर्जा के आधार का पालन किया		

	जाए)		
2	प्राकृतिक गैस का ताप मूल्य उपलब्ध कराया जाए (प्रति एससीएम एमएमबीटीयू में):		
	(क) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में इंजेक्शन या रि-इंजेक्शन या परस्पर-संपर्क का प्रत्येक प्वाइंट;		
	(ख) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्रत्येक सुपुर्दगी प्वाइंट;		
3	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन लम्बाई (कि.मी. में)		
	(क) अंतिम तिमाही तक		
	(ख) वर्तमान तिमाही में बिछाए गए और निर्मित		
	(ग) तिमाही के अंत में लंबाई		
	(बाहरी व्यास और दर-वार दबाव का ब्यौरा दिया जाए)		
4	कंप्रेशरों, मध्यवर्ती टर्मिनलों और सुपुर्दगी टर्मिनलों की संख्या		
	(क) अंतिम तिमाही तक		
	(ख) अब जोड़ा गया		
	(ग) आज की तारीख को योग		
5	परियोजना पूर्ण स्थिति - वास्तविक उपलब्धि बनाम अनुमोदित अनुसूची के अनुसार (% अनुसार)		
	(प्राधिकार प्रदान करने की अनुमोदित समय अनुसूची के अनुसार प्रत्येक लक्ष्य का ब्यौरा तथा इसके अपवर्तन के कारण, यदि कोई हों, उपलब्ध कराएं)		
6	कोई अन्य सूचना अथवा डेटा जो बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई हो अथवा कंपनी द्वारा संगत समझी गई हो		

दिनांक :

स्थान :

कंपनी अथवा प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर
नाम और कार्यालय की मुहर

टिप्पणी :

उपर्युक्त फॉर्म में सूचना और डेटा सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।

IndiaCode

अनुसूची- च

(विनियम 15(1) देखें)

सेवा मानकों की गुणवत्ता

सामान्य

सेवा मानकों की गुणवत्ता विनिर्दिष्ट करने का उद्देश्य उपभोक्ताओं पर अन्य कंपनियों को प्रदान की जाने वाली सेवा के संदर्भ में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, निर्माण करने, प्रचालित करने और उसका विस्तार करने में कंपनी से अपेक्षित निष्पादन न्यूनतम स्तर को विनिर्दिष्ट करना है। कंपनी सेवा मानकों की गुणवत्ता, उपभोक्ताओं और अन्य फर्मों जैसे पणधारियों के साथ संतोषपूर्ण तरीके से कार्य करने में समर्थ हो, से कतिपय न्यूनतम उत्तरदायित्वों को सही तरीके से पूरा करने की उम्मीद की जाती है। जहां प्राधिकृत कंपनी को सेवा मानकों की गुणवत्ता को अनिवार्य रूप से बनाए रखना होगा वहां इसे उपभोक्ताओं और अन्य फर्मों द्वारा अपेक्षित न्यूनतम उत्तरदायित्वों का व्यापक विज्ञापन करना होगा और उसे उचित तौर पर संविदाओं में अंतर्विष्ट करना होगा। सेवा मानकों की गुणवत्ता नीचे दी गई है :-

1. **तंत्र अनुरक्षण और उपभोक्ता वर्गीकरण**

(1) कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) समय-समय पर सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विनिर्देशनों हेतु संगत विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सुरक्षा मानकों समेत तकनीकी मानकों, विनिर्देशनों के अनुसार तंत्र का अनुरक्षण सुनिश्चित करना।

(ख) यह सुनिश्चित करना कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में आपूर्तियों के व्यवधान के मामले में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में लाइन पैक मात्रा के लिए नगर और स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क को प्राथमिकता दी जाएगी।

उपभोक्ताओं के साथ संविदाओं में प्राकृतिक गैस की आपूर्तियों में रुकावट के संबंध में एक विशिष्ट धारा होनी चाहिए;

(ग) सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विनिर्देशनों हेतु संगत विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सुरक्षा मानकों समेत तकनीकी मानकों, विनिर्देशनों के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में प्राकृतिक गैस की गुणवत्ता को बनाए रखना।

IndiaCode

(2) उपभोक्ताओं का उत्तरदायित्व :

(क) परिसर के भीतर फर्म द्वारा उपलब्ध कराए गए उपस्कर और सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना;

(ख) गैस उपयोग का उद्देश्य स्पष्ट करना और उस कनेक्शन पर उसका उपयोग सुनिश्चित करना।

2. **कनेक्शन के लिए अनुरोध**

कंपनी का उत्तरदायित्व:

(क) प्राधिकार मिलने के बाद कंपनी को प्राधिकृत क्षेत्र के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन करने और उसका विस्तार करने के लिए जनसाधारण की सूचना के लिए समाचार-पत्र तथा अपनी वेबसाइट में इसका प्रकाशन करना चाहिए;

(ख) उपभोक्ता के परिसर में शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराना और उसमें आवश्यक सुरक्षा सुनिश्चित करना और सांविधिक अनुमतियां प्राप्त करना;

3. **मीटरिंग और बिलिंग**

कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) प्राकृतिक गैस की सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार, जो मीटरर्ड है;

(ख) ग्राहकों कों कंपनी की मीटरिंग यूनिट की विशिष्टियों के बारे में जानकारी देना;

(ग) सही मीटर रीडिंग सुनिश्चित करना, और यदि ग्राहक मांग करते हैं -

(i) कंपनी की मीटरींग यूनिट के अनुसार रिडिंग का ग्राहक की मीटरिंग यूनिट, यदि कोई हो, के अनुसार आवधिक समायोजन करने के लिए एक उपयुक्त तंत्र विकसित करना;

(ii) कंपनी की मीटरिंग यूनिट के अनुसार संयुक्त मीटर रीडिंग उपलब्ध कराना;

(घ) संविदा की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार लागू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ को दर्शाते हुए प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए सही बिलिंग सुनिश्चित करना। बिल में ग्राहक का नाम और पता, क्रम संख्या, मात्रा (एमएमबीटीयू

और एससीएम दोनों में), कर/शुल्क, यदि कोई हो, राशि, यथोचित तारीख, आदि भी होनी चाहिए;

4. आपूर्ति हटाना

कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) कनेक्शन हटाने से पहले विस्तार में कारण बताते हुए उपयुक्त नोटिस देना;

(ख) यदि लोक सुरक्षा के लिए खतरनाक सिद्ध हो रहा हो, तो तुरंत कनेक्शन हटाना।

5. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में बाधाएं

कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) नियोजित अनुरक्षण के लिए उपभोक्ताओं को समय नोटिस देना;

(ख) बाधा आने पर शीघ्रातिशीघ्र आपूर्तियों को बहाल करना सुनिश्चित करना; और

(ग) अनियोजित बाधाओं से तुरंत वसूली सुनिश्चित करना;

6. आपातकालीन स्थिति से निपटना :

(1) कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए निम्नानुसार एक योजना सुनिश्चित करें -

(i) पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्थानीय प्रशासन और अस्पतालों के साथ तालमेल बनाकर आपातकालीन स्थितियों का मुकाबला करें;

(ii) आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आपातकालीन कक्ष में चौबीसों घंटे सातों दिन एक व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित करें;

(iii) आपातकालीन स्थितियों में व्यक्तियों की अलग-अलग भूमिकाएं बताते हुए एक स्पष्ट उत्तरदायित्व चार्ट बनाएं;

(ख) आपदा प्रबंधन योजना की उपलब्धता सुनिश्चित करें जिसकी एक प्रति बोर्ड तथा नगर या क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, जहां से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन गुज़र रही है।

(2) उपभोक्ता का उत्तरदायित्व :

(क) किसी ज्यादा खतरनाक स्थिति के बारे में यथाशीघ्र कंपनी को सूचित करें;

(ख) आपातकालीन स्थिति पर काबू पाने के लिए, यदि अपेक्षित हो, कंपनी के कार्मिक की सहायता करें।

7. सूचना प्रसार और उपभोक्ता जागरूकता :

कंपनी का उत्तरदायित्व :

(क) पाइपलाइनों के मार्ग, क्षमताओं और प्राकृतिक गैस के दबाव, कैलोरिफिक क्षमता जैसे विनिर्देशनों के बारे में मांगी गई सूचना उपलब्ध कराएं;

(ख) उपभोक्ता जागरूकता अभियानों के जरिए उपभोक्ताओं को शिक्षित करना-

(1) प्राकृतिक गैस के उपयोग से उत्तम परिणाम हासिल करने के लिए उपस्कर के बर्नर कन्फिग्रेशन की उपयुक्तता;

8. डेटाबेस का अनुरक्षण

कंपनी का उत्तरदायित्व :

बोर्ड की डेटा आवश्यकताओं और प्राप्त हुई उपभोक्ताओं की शिकायतों तथा उस पर की गई कार्रवाई के रिकॉर्ड के प्रबंधन के लिए एक विश्वसनीय डेटाबेस प्रबंधन तंत्र बनाना।

IndiaCode

अनुसूची-छ

[विनियम 16(1) (घ) देखें]

प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्राधिकार की समाप्ति की प्रक्रिया

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर अथवा स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचलन और उसका विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 के विनियम 16 के उपबंधों के अनुसार कंपनी द्वारा चूक करने पर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने हेतु कंपनी के प्राधिकार को समाप्त करने के लिए प्रक्रिया इस प्रकार है -

1. बोर्ड द्वारा प्राधिकार को समाप्त करने का अनुमोदन देने पर कंपनी द्वारा नोटिस की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों की अवधि के अंदर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन , निवेश, देयताओं में चल रहे क्रियाकलापों का विस्तृत विवरण और ऐसी अन्य सूचना, जो बोर्ड द्वारा निर्देशित हो, प्रस्तुत करनी होगी;

2. कंपनी को तब तक उसी स्तर पर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का प्रचालन जारी रखना होगा जब तक कि बोर्ड के निर्णयानुसार अन्य एजेंसी अथवा कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में न ले लें। बोर्ड के पास प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रबंधन और प्रचालन के लिए किसी अन्य एजेंसी अथवा फर्म को उस समयावधि तक और उन शर्तों और निबंधनों पर नियुक्त करने का अधिकार होगा, जिन्हें यह उपयुक्त समझे;

3. बोर्ड, एक विज्ञापन जारी करने के माध्यम सहित किसी ऐसे तरीकों, जिसे वह उपयुक्त समझे, प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्रबंधन और प्रचालन का कार्य अपने हाथ में लेने की इच्छुक कंपनियो से बोलियों अथवा अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित कर सकता है;

4. अभिरुचि की अभिव्यक्ति अथवा बोलियों, जैसा भी मामला हो, प्राप्त होने पर बोर्ड मूल्यांकन और उसके पश्चात् प्राधिकार देने संबंधी प्रक्रिया पर उपयुक्त विचार कर सकता है और दोषी कंपनी से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का प्रचालन अपने हाथ में लेने के लिए कंपनी का चयन कर सकता है;

5. दोषी कंपनी को किसी ऐसे दायित्व, जो उसके पिछले कार्यों के परिणामस्वरूप बाद में सामने आएं, के लिए नई प्राधिकृत फर्म को मुआवजा देने का वचनपत्र देना होगा।

अनुसूची-ज

(विनियम 17(1) देखें)

निर्धारित दिन से पूर्व केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राधिकृत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सूचना।

सेवा में

सचिव,

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड,

पहला तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर,

बाबर लेन, कनॉट प्लेस,

नई दिल्ली - 110 001

विषय: <मूल प्वाइंट> से <अंतिम सुपुर्दगी प्वाइंट> तक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन <नाम> के संबंध में सूचना।

(सूचना प्रदान करने हेतु यदि आवश्यक हो, अलग शीट संलग्न करें)

भाग-1 - कंपनी का सामान्य, तकनीकी और वित्तीय ब्यौरा तथा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना		
1.	कंपनी का ब्यौरा	
क	कंपनी का नाम	
ख	फर्म का प्रकार - पब्लिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/साझेदारी फर्म/प्रोपराइटरशिप फर्म साझेदारी दस्तावेज, आदि अन्य (कृपया संगम-ज्ञापन की एक प्रति संलग्न करते हुए विनिर्दिष्ट करें।	
ख	निगमन की तिथि और व्यवसाय शुरू करने की तिथि।	
ग	पंजीकृत कार्यालय का पता	
घ	सभी निदेशको/साझीदारों/प्रोपराइटर के नाम, पते, टेलिफोन नम्बर, ई-मेल पते कृपया एसटीडी कोड और पिन कोड साइन पूरा विवरण दे।	
ड.	निर्धारित दिन से पहले प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा उसका विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए प्राधिकार का पूरा ब्यौरा। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराने हेतु उपयुक्त समझे जाने वाले अनापत्ति प्रमाण-पत्रों; अनुमतियों, आदि का विवरण। (प्राधिकारी और अन्य	

IndiaCode

	दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न की जाए)□।	
2	वित्तीय ब्यौरा□	
क	शेयर पूंजी/स्वामी की अपनी निधियां	
ख	ऋण-राशि, अवधि, ऋण स्थगन अवधि, ब्याज दर, किससे लिया और उसे प्राप्त करने के लिए रहन रखी गई परिसंपत्ति यदि कोई हो।	
ग	रिजर्व, यदि कोई हो	
घ.	स्थायी परिसंपत्ति	
ड.	वर्तमान परिसंपत्ति	
च.	वर्तमान देयताएं	
छ	बिक्री कारोबार	
ज	कर पश्चात लाभ	
	पिछले तीन वित्तीय वर्षों की लेखा-परीक्षित लाभ और हानि लेखों और तुल्य पत्रों की प्रतियां। यदि कंपनी एक सहायक कंपनी है तो मूल कंपनी की गत तीन वित्तीय वर्षों की लेखा-परीक्षित लाभ और हानि लेखों और तुलन-पत्रों की प्रतियां (संलग्न करें)।	
3	फर्म की व्यावसायिक गतिविधियां	
क	संस्थापन वर्ष के साथ परिसंपत्तियों की मूल लागत और डब्ल्यूडीवी गत तीन वर्षों के दौरान प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ की प्रचालन लागत का विस्तृत ब्यौरा, आदि।	
ख.	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन और उसका विस्तार करने के लिए किसी अन्य कंपनी के साथ किए गए तकनीकी अथवा प्रचालनात्मक सहयोग अथवा करार का ब्यौरा।	
ग	किसी अन्य व्यवसाय, यदि कोई हो, का विवरण जो प्रवर्तक द्वारा गत तीन वर्षों से चलाया जा रहा हो।	
4	स्वामित्व और संबद्धता विवरण	
क	प्रवर्तकों का विवरण	
ख	व्यावसायिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कंपनी से संबंध संस्थाओं का विवरण। (संबद्ध का आशय जैसा संबद्ध आचरण संहिता के संगत विनियमों में परिभाषित किया गया है)।	

IndiaCode

ग	कंपनी अपने और अपनी संबंधित कंपनियों के सभी संगत रिकार्ड और दस्तावेज बोर्ड मांग पर प्रस्तुत करने का वचन देती है।	हां/नहीं
घ.	कंपनी संबद्ध आचरण संहिता के लिए संगत विनियम का पालन करने का वचन देती है।	हां/नहीं
ड.	क्या फर्म कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत एक पंजीकृत कंपनी है?	हां/नहीं
च	क्या फर्म को कपंनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी द्वारा विकसित किया गया है?	हां/नहीं
छ	कंपनी प्राधिकार देने पर कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत निगमित निकाय बनने का वचन देती है (यदि सूचना देते समय कंपनी निगमित निकाय नहीं है)।	हां/नहीं
5	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का तकनीकी ब्यौरा	
क	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का नाम	
ख	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के मार्ग को दर्शाने वाला भौतिक नक्शा जिसमें सभी स्पर-लाइनें, प्राकृतिक गैस के लिए प्रवेश और निकास प्वाइंट तथा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में परस्पर-संपर्क के प्रस्तावित प्वाइंट शामिल हैं।	
ग	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में अवसंरचना की तकनीकी विशिष्टियां <u>टिप्पणी</u>: (क) निवेश के प्रबंधन अनुमोदन सहित डीएफआर की प्रति संलग्न करें। (ख) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन डिजाइन, दबाव दर, व्यास, मोटाई, वर्ग, आदि, मार्ग ब्यौरा, पाइपलाइन ह्रास सुरक्षा प्रबंधन, प्रमुख ब्लॉक वाल्व, पृथक वाल्व, आपातकाल शटडाउन वाल्व, मीटरिंग व्यवस्था, कंप्रेशरों, मध्यवर्ती और डिलीवरी स्टेशन, तकनीकी मानक और विशिष्टयों का पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराएं जिसमें सुरक्षा मानदण्डों का पालन किया जा रहा है, आदि।	

घ.	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना के लिए परिकल्पित विकास योजना - प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की डिजाइन और स्थापित क्षमता तथा क्षमता को बढ़ाने के लिए फेज ऑउट योजनाओं का ब्यौरा तथा पूंजीगत व्यय उपलब्ध कराया जाए।	
ड.	क्या कंपनी ने नियुक्ति की तारीख को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन करने या विस्तार करने के लिए अपेक्षित मार्ग आधार प्राप्त कर लिया है? टिप्पणी: (क) यदि उत्तर न है तो कृपया विशिष्ट कारण दें। (ख) यदि हां, तो दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराया जाए।	हां/नहीं
च	कंपनी द्वारा वास्तव में प्राप्त वर्ष-वार प्रगति: (i) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में भौतिक ढांचे का सृजन; (ii) शीर्षवार सृजित नियत परिसंपत्ति का मूल्य तथा नियुक्ति की तारीख तक सृजित भौतिक ढांचे से संबंधित पूंजीगत कार्य प्रगति; और (iii) परियोजना के डीएफआर में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों में दर्शाए स्तर के साथ उप-खण्ड (i) और (ii) तथा प्राधिकार की निबंधन एवं शर्तें की तुलना। इसका उद्देश्य अधिक समय या अधिक लागत से बचना है जो प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। टिप्पणी: (क) शीर्ष-वार सृजित परिसंपत्तियों का दस्तावेजी साक्ष्य जिन्हें बही खातों में नियत परिसंपत्तियों के रूप में दर्शाया गया हो, को संलग्न किया जाए। (ख) पूंजीगत कार्य प्रगति के संबंध में पूर्णत: का स्तर दर्शाया गया तथा उसकी डीएफआर में दर्शाए अनुसार के साथ तुलना की जाए।	समय अनुसूची तथा डीएफआर में विनिर्दिष्ट लक्ष्यों के संदर्भ में प्रतिशत पूर्णता कार्यकलाप-वार सूचित की जाए।

	(ग) नियुक्ति की तारीख को कंपनी द्वारा वास्तव में की गई वित्तीय वचनबद्धता को अलग से दर्शाया जाए तथा दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किए जाएं। (घ) कृपया समय अनुसूची को पूरा करने में कमी, यदि कोई हो, के विशिष्ट कारण बताएं तथा डीएफआर में विनिर्दिष्ट अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के कार्यकलापों को पूरा करने के लिए विशिष्ट लक्ष्य बताएं।	
छ	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए प्राकृतिक गैस के स्रोत हेतु कंपनी द्वारा की गई व्यवस्था का पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराएं। यदि कंपनी ने कोई सुदृढ़ समझौता किया है तो समझौते की प्रतियां संलग्न की जाएं।	
ज	(i) नियुक्ति की तारीख तक गत तीन वर्षों के दौरान प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में वास्तव में परिवहन की गई प्राकृतिक गैस की मात्रा। (ii) डीएफआर में अनुमानित मात्रा की तुलना में परिवहन की गई वास्तविक मात्रा में अन्तर के कारण। (iii) परियोजना की मितव्ययी लागत अवधि के दौरान वार्षिक आधार पर परिवहन की गई और बेचने के लिए प्रस्तावित प्राकृतिक गैस की मात्रा। <u>टिप्पणी</u>: (क) एमएमएससीएमडी और एमएमबीटीयू में दर्शाई जाने वाली मात्रा तथा ऊर्जा समकक्ष का आधार उपलब्ध कराया जाए। (ख) वास्तव में परिवहन की जाने वाली मात्रा जिसे प्रत्येक टैरिफ जोन में ग्राहक-वार उपलब्ध कराया जाना है। (ग) कंपनी द्वारा स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट की जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए क्षमता समझौता प्राप्त करने हेतु किए जाने वाले प्रबंधन का ब्यौरा।	

IndiaCode

	(घ) सुदृढ क्षमता समझौते की उपलब्धता के संबंध में समझौते की प्रतियां संलग्न की जाएं।	
झ	क्या सीजीडी नेटवर्क के अभिकल्प, बिछाने, निर्माण करने, और उसका विस्तार करने अथवा प्रचालन करने के समय सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों के अधीन सुरक्षा मानकों सहित लागू तकनीकी मानकों, विनिर्देशनों का ध्यान रखा जाता है? कृपया ब्यौरा दें।	हां/नहीं
ञ	कंपनी द्वारा केन्द्र और राज्य सरकारों तथा अन्य सांविधिक प्राधिकारियों से प्राप्त प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना से संबंधित सभी आवश्यक सांविधिक अनुमोदनों, अनुमतियों तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रतियां संलग्न की जाएं।	
ट	कृपया लागू आपदा प्रबंधक योजना की प्रति संलग्न करें।	
ठ	क्या यह योजना किसी राजसहायता अथवा किसी रियायत की पात्र है अथवा केन्द्र अथवा राज्य सरकारों से आयकर सहित किसी सांविधिक शुल्क की हकदार है। यदि हां, तो फर्म की वर्षवार उपयोगिता दर्शाते हुए पूरा ब्यौरा दे।	हां/नहीं
भाग-।। - कंपनी द्वारा संगत समझी गई कोई अन्य प्रस्तुति		
टिप्पणी: बोर्ड तिमाही आधार पर कंपनी के लिए निर्धारित लक्ष्यों के खिलाफ कंपनी द्वारा की गई वास्तविक प्रगति की निगरानी करेगा तथा कोई विचलन या कमी होने पर आगे कार्रवाई करेगा, जो अनुसूची घ में दर्शाए अनुसार वार्षिक आधार पर निर्धारित की जाएगी।		

घोषणा

1. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना मेरी/हमारी पूरी जानकारी तथा विश्वास से सही है और इस आवेदन के साथ अनुबन्ध तथा विवरण के रूप में दी गई सूचना सही, पूर्ण और सच्चाई से वर्णित हैं और यदि इसमें दिया गया कोई विवरण असत्य पाया जाता, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा, तो मैं/हम इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई किए जाने और दण्ड दिए जाने के उत्तरदायी हूँगा/होंगे।

2. मैं/हम बोर्ड द्वारा अपेक्षित अतिरिक्त सूचना या आंकड़े निर्धारित समय में उपलब्ध कराने का भी वचन देता हूँ/देते हैं।

तारीख: प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

स्थान: आधिकारिक सील

<u>सूचना भरने के लिए निर्देश</u>:-

1. फार्म तथा संलग्न दस्तावेजों में सभी प्रविष्टियां स्पष्ट और बिना किसी कांट-छांट के होनी चाहिए।
2. पृथक विवरण में दिए जाने वाले ब्यौरे उस मुद्दे के स्पष्ट उल्लेख के साथ दिए जाएं जिसके साथ इसे सम्बद्ध किया जा रहा है।
3. आवेदन-पत्र और सभी अनुबन्ध वक्तव्य आदि के सभी पृष्ठ किसी नोटरी पावर ऑफ एटॉर्नी के माध्यम से आवेदक कंपनी द्वारा अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत व व्यक्ति अथवा अधिकारी द्वारा आद्याक्षरित किए जाने चाहिए।
4. आवेदन पत्र में दी गई कोई भी सूचना और भरे गए आंकड़ों को उससे संगत प्रमाण संलग्न करके सिद्ध करना होगा।
5. कंपनी को मूल के अलावा आवेदन-पत्र की सभी अनुलग्नकों सहित पांच प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।
6. अपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

IndiaCode

अनुसूची झ

[देखें विनियम 18 (1)]

कंपनियां, जो केन्द्र सरकार द्वारा प्राधिकृत नहीं है, को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन हेतु प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन

सेवा में,
सचिव,
पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड,
प्रथम तल, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर,
बाबर लेन, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली-110001

विषय : प्राकृतिक गैस पाइपलाइन <नाम>, <मूल प्वाइंट>, <अंतिम उठान/सुपुर्दगी प्वाइंट> के लिए प्राधिकरण प्रदान करने हेतु आवेदन

(आवेदन सूचना प्रदान करने के लिए जहां-कहीं जरूरी हो, पृथक शीट लगाएं)

भाग-I	कंपनी का सामान्य, तकनीकी और वित्तीय ब्यौरा और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना	
1.	कंपनी का ब्यौरा	
क.	कंपनी का नाम	
ख.	फर्म का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी/निजी लिमिटेड कम्पनी/सहभागिता फर्म/स्वामित्व वाली फर्म/अन्य (कृपया उल्लेख करें) (साझेदारी के नियमों, सहभागिता विलेख, यदि कोई हो, आदि की प्रति संलग्न करें)।	
ग.	संस्थापन की तारीख और कारोबार आरम्भ करने की तारीख	
घ.	पंजीकृत कार्यालय का पता	
ड.	सभी निदेशकों/साझेदारों/प्रोपराइटर के नाम, पते, दूरभाष संख्या, ई-मेल आईडी (कृपया एसटीडी कोड और पिन कोड सहित पूरा ब्यौरा दें)	
2	कंपनी द्वारा विनियम 18 के उप-विनियम (2) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार पात्र मानदण्ड के समर्थन में उपलब्ध कराई गई सूचना और	

	डॉटा।	
क	विनियम 5 (6) (क) के अंतर्गत अप्रतिदेय आवेदन शुल्क	<_____> रुपए
	डिमांड ड्राफ्ट या पे-आर्डर	
	डिमांड ड्राफ्ट या पे-आर्डर सं. और तारीख	
	जारी करने वाले बैंक और शाखा का नाम	
ख	कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने और निर्माण करने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम है।	
	विनियम 5(6)(ख), (i) से (ii) के अंतर्गत अर्हक मानदण्ड के अनुसार कंपनी की तकनीकी क्षमता के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य	
ग	कंपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का प्रचालन और रखरखाव करने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम है।	
	विनियम 5(6)(ग) (i) से (iv) के अंतर्गत अर्हक मानदण्ड के अनुसार कंपनी की तकनीकी क्षमता के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य	
घ	कंपनी सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों का पालन करने के लिए सहमत है।	हां/नहीं
ड.	कंपनी के पास प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बिछाने, प्रचालन और रखरखाव करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन हैं और वह विनियम 5 (6) (ड.) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार न्यूनतम संयुक्त निवल मूल्य की शर्तों के वित्तीय मानदण्डों को पूरा करती है। <u>टिप्पणी</u>: सनदी लेखाकर द्वारा विधिवत प्रमाणित न्यूनतम संयुक्त निवल मूल्य की गणना के समर्थन में सभी दस्तावेजों को संलग्न किया जाए।	

IndiaCode

च	क्या कंपनी पर धारा 28 के अंतर्गत या अध्याय IX के अंतर्गत कोई दण्ड लगाया गया है?	हां/नहीं
छ	कंपनी द्वारा केन्द्र और राज्य सरकारों तथा अन्य सांविधिक प्राधिकारियों से प्राप्त प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना से संबंधित सभी आवश्यक सांविधिक अनुमोदनों, अनुमतियों तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रतियां संलग्न की जाएं।	
ज	यदि फर्म कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक कंपनी के रूप में पंजीकृत नहीं है तो फर्म प्राधिकार देने के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक पंजीकृत कंपनी बनने का वचन दे सकती है। कंपनी के प्रवर्तकों का पूर्ण ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए। टिप्पणी: यदि फर्म कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकरण से छूट चाहती है तो बोर्ड को विस्तृत औचित्य प्रस्तुत किया जाए।	हां/नहीं
झ	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की तकनीकी विशिष्टियां	
	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के मार्ग का ब्यौरा जिसके भौतिक नक्शे में निम्नलिखित दर्शाया गया हो : (i) प्राकृतिक गैस के लिए प्रवेश और निकासी प्वाइंट; (ii) मध्यवर्ती टैप ऑफ प्वाइंट; (iii) स्पर लाइनें; (iv) कंप्रेशर; (v) प्राकृतिक गैस में परस्पर-संपर्क प्वाइंट टिप्पणी: (क) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन डिजाइन, दबाव दर, व्यास, मोटाई, वर्ग, आदि, मार्ग ब्यौरा, पाइपलाइन ह्रास सुरक्षा	

IndiaCode

